RNI NO. 50259/90
वर्ष : 35
अंक : 273
भोपाल, बुधवार
18 दिसंबर 2024
पृष्ठ : 8 मूल्य : 1 रु.

मध्यप्रदेश का सबसे तेज बढ़ता सांध्य दैनिक

# अमृत दर्शन

भोपाल, नर्मदापुरम एवं रायसेन से एक साथ प्रकाशित
02 www.amritdarshan.com Email : amritdarshan@yahoo.com 06

## जबलपुर में लोकायुक्त की बड़ी कार्रवाई

### एसडीएम का ड्राइवर तीन लाख रिश्वत लेते गिरफ्तार एसडीएम को पद से हटाया, चालक भी निलंबित

जबलपुर ■ अमृत दर्शन

लोकायुक्त ने जबलपुर एसडीएम के ड्राइवर को 3 लाख की रिश्वत लेते रंगेहाथों गिरफ्तार किया है। मामला उजागर होने के बाद कलेक्टर ने एसडीएम नदीमा शीरी को पद से हटा दिया है वहीं चालक को निलंबित कर दिया है। आरोपी ने बिना लाइसेंस के धान का भंडारण के मामले को रफा दफा करने रिश्वत मांगी थी। दरअसल मामला ब्लॉक शाहपुरा भीटोनी के खमदेही का है। पीड़ित की शिकायत पर लोकायुक्त ने घेराबंदी करते हुए एसडीएम के ड्राइवर को तीन लाख की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। तहसीलदार की जांच में अवैध तरीके से धान का भंडारण पाया गया था। तहसीलदार की जांच के बाद मामला शहपुरा एसडीएम के पास भेजा गया था। बताया जाता है कि एसडीएम ने अपने ड्राइवर के जरिए रिश्वत मांगी थी। आरोपी को बीती देर रात गिरफ्तार किया गया है। जानकारी दिलीप झरवड़े, डीएसपी लोकायुक्त ने दी।

*खनन और कंस्ट्रक्शन कारोबार से जुड़े राजेश शर्मा और सहयोगियों के यहां जांच में जुटी टीम*

# भोपाल में त्रिशूल कंस्ट्रक्शन के आधा दर्जन ठिकानों पर आयकर विभाग का छापा

भोपाल ■ अमृत दर्शन

आयकर विभाग ने बुधवार सुबह भोपाल में त्रिशूल कंस्ट्रक्शन कंपनी के मालिक राजेश शर्मा और उनके आधा दर्जन सहयोगियों के ठिकानों पर छापा मार कार्रवाई की हैं। खनन और कंस्ट्रक्शन कारोबार से जुड़े राजेश शर्मा पूर्व मुख्य सचिव के करीबी माने जाते हैं। इसके साथ ही पूर्व मंत्री से भी उनकी नजदीकी बताई जा रही है। आयकर विभाग के अफसरों ने टीम के साथ

## पूर्व मुख्य सचिव और पूर्व मंत्री से करीबी रिश्ते है कंपनी मालिक के

### तड़के बिल्डरों के ठिकानों पर दी दबिश, सर्चिंग जारी

भोपाल के आधा दर्जन से अधिक इलाकों में छापेमारी की है। नीलबड़, रातीबड़, सूरज नगर, मेंडोरा के अलावा भोपाल के रचना नगर स्थित राजेश शर्मा के आवास पर सीआरपीएफ टीम के साथ आयकर विभाग की टीमें जांच कर रही हैं। राजेश शर्मा के अलावा उनके सहयोगी दीपक भावसार, विनोद अग्रवाल और अन्य ठिकानों पर भी कार्यवाही जारी है

राजेश शर्मा त्रिशूल कंस्ट्रक्शन कंपनी के मालिक होने के साथ क्रेशर संचालकों के संगठन का नेतृत्व भी करते रहे हैं। इसके साथ ही वे कंस्ट्रक्शन कारोबार से भी जुड़े हैं।




**सीएम राइज स्कूल का ठेका भी मिला था :** त्रिशूल कंस्ट्रक्शन कंपनी के संचालक राजेश शर्मा की सत्ता पक्ष के कई नेताओं से खासी दोस्ती है। इसके चलते ही शर्मा को सीएम राइज स्कूलों के कंस्ट्रक्शन का भी कार्य से मिला है। रायसेन का सीएम राइज स्कूल शर्मा द्वारा ही बनाया जा रहा है। स्टोन क्रेशर के कारोबार से भी शर्मा और उनके सहयोगियों ने मोटी कमाई की है।

**इनके यहां भी जांच जारी :** दीपक भावसार, विनोद अग्रवाल, रूपम शिवानी के यहां भी आईटी के छापे की खबर है। ये सभी जमीन की खरीद ब्रिकी का काम करते हैं। इंदौर में ग्रुप संबाद लोगों के यहां भी हो रही छानबीन जारी है। कारोबारी मुन्ना अग्रवाल सहित उनके ग्रुप के कई लोग भी कार्रवाई के घेरे में है।

## संक्षिप्त समाचार

### परमार दंपती सुसाइड केस में एसआईटी ने शुरू की जांच, ईडी के अधिकारियों से भी होगी पूछताछ

**सीहोर।** सीहोर जिले के थाना आष्टा में मनोज परमार एवं उसकी पत्नी नेहा परमार की आत्महत्या के प्रकरण में पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिल चुकी है, जिसमें पति-पत्नी की दम घुटने से मौत की पुष्टि हुई है। वहीं अभी फोरेंसिक विभाग से रिपोर्ट नहीं आई है।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद एसआईटी ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस इस मामले में ईडी के अधिकारियों को भी नोटिस जारी कर सकती है। मामले की जांच के लिए लिए एसपी दीपक कुमार शुक्ला द्वारा एसडीओपी आष्टा आकाश अमलकर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी आष्टा रविन्द्र यादव, एक एसआई सहित अन्य सहयोगी का पांच सदस्यीय विशेष जांच दल का गठन किया गया हैं, जो उक्त घटना से जुड़े हर बिंदु पर जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि परिजनों के बयान लिए जाने है, लेकिन अभी वह शोक कार्यक्रम में है, जैसे ही वह उससे फ्री होंगे पुलिस उनके बयान लेगी। इसके अलावा घटना स्थल से दो पत्र मिले थे। एक टाइप्ड व एक हस्तलिखित पत्र है।

### इंदौर जा रही बस सुसनेर में पलटी एक बच्ची की मौत, 20 लोग घायल

**आगर-मालवा।** आगर-मालवा जिले के सुसनेर में बुधवार सुबह इंदौर कोटा हाईवे पर एक तेज रफ्तार बस पलट गई। घटना में एक 6 साल की बच्ची की मौत हो गई और 20 लोग घायल हो गए। हादसे में आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जानकारी के बस दिल्ली से इंदौर जा रही थी। तभी सुबह करीब 6 बजे ड्राइवर को नींद का झोका आने से बस सड़क से उतरकर नीचे पलट गई। इसमें करीब 30 लोग सवार थे, जिसमें मौके पर ही एक बच्ची की मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद कलेक्टर और एसपी तुरंत सुसनेर अस्पताल पहुंचे और जानकारी ली।

## अंतर्मना उवाच

**कुछ पाने या जानने का मतलब है, निरंतर अभ्यास ऐसे बनाये रखना... जैसे नदी का बहता पानी..!**

मनुष्य किस्मत की डायरी में क्या क्या लिखवाकर आया है, यह तो उसका कर्म और परमात्मा ही जान सकता है। लेकिन **किस्मत की डायरी के पृष्ठों को यदि बदलना है तो निरंतर प्रयास, अभ्यास और सही दिशा की ओर की गई मेहनत ही जीवन की धारा को मोड़ सकती है।** चूंकि यह आलसी अजगरा नन्दो का समय नहीं, बल्कि यह सदी रेत से तेल निकालने वालों की है। मतलब यह परिश्रम की सदी है, मेहनत करने का वक्त है।



**परिश्रम और प्रयास में एक बात का सदा ध्यान रखना - जोश, जुनून और जागरूकता के साथ निरंतर उस दिशा में में अभ्यास बहुत ज़रूरी है, जिस दिशा में हम को मंजिल पाना है। बहुत मेहनत करें पर खूब लगन अभ्यास के साथ।** अभ्यास से तात्पर्य है कि निरंतरता, जोश और जूनून बना रहे। कहीं ऐसा नहीं हो कि दो-तीन दिन तो उत्साह से किया, फिर ठीक है कर लेते हैं। फिर सात दिन बाद चलो कर आते हैं, फिर 10 दिन जब मन हुआ तब चले गये और काम सल्टाकर आ गये। जैसे नदी का पानी निरंतर गतिशील रहता है। जैसे हम आप 24 घंटे स्वांस लेते हैं, कहीं उसमें ब्रेक नहीं देते। वैसे ही कार्य की सफलता के लिए निरंतर अभ्यास बहुत ज़रूरी है। यदि हमने जोश जुनून के साथ अभ्यास नहीं किया तो वह सफलता ऐसी ही होगी जैसे देख तो पीछे रहे हैं और दौड़ आगे रहे हैं। जैसे **हिरण शेर से तेज दौड़ती है लेकिन वह हिरण शेर की शिकार बन जाती है, क्यों ...?** क्योंकि शेर जानता है कि उसे छलांग कब लगाना है। उसी प्रकार सफलता के लिये कब छलांग लगाना है यह आपका अभ्यास ही तय करेगा।

**सौ बात की एक बात --**

**पानी की एक एक बूंद बड़े बड़े पत्थर में भी छेद कर देती है, निरंतर अभ्यास से...!!!**

■ अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज

*शीतकालीन सत्र का तीसरा दिन: चाय की केतली-शराब बोतल की माला लेकर पहुंचे विधानसभा*

# विस में बाबा साहब को लेकर पक्ष-विपक्ष में तीखी बहस

### 22 हजार 460 करोड़ का अनुपूरक बजट पर चर्चा के लिए 4 घंटे का समय तय किए

भोपाल ■ अमृत दर्शन

मध्यप्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र का आज तीसरा दिन है। आज सदन में अनुपूरक बजट पर चर्चा होगी। वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने मंगलवार को 2024-2025 के लिए 22 हजार 460 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश किया था। बजट पर चर्चा के लिए 4 घंटे का समय तय किया गया है।

विधानसभा सदन में बाबा साहब के अपमान का मुद्दा उठाया गया। विधानसभा नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने अमित शाह पर अपमान का आरोप लगाया है। उमंग सिंघार के आरोप के बाद सदन में पक्ष विपक्ष आमने सामने हो गए और तीखी बहस शुरू हो गई। सैलाना विधायक कमलेश्वर डोडियार विधानसभा में गांधी प्रतिमा के नीचे मौन धरने पर बैठे हैं। विधायक ने विधानसभा में डॉक्टर के गाली देने वाले मामले में आज स्थगन प्रस्ताव पर बोलना शुरू किया। वैसे ही विधायक कमलेश्वर का माइक बंद कर दिया गया।

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि सरकार युवाओं को रोजगार नहीं दे पा रही है। इसलिए विपक्ष होने के नाते हमको प्रदर्शन करना पड़ रहा ह। सरकार के पास युवाओं के लिए कोई रोड मैप नहीं है। प्रदेश की जनता को योजना का लाभ नहीं मिल रहा। दूसरी ओर, विधायक नितेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि प्रदेश में युवाओं की स्थिति बहुत खराब है। सरकार के नौकरी देने के दावे खोखले हैं. कांग्रेस के विधायक महेश परमार शराब की बोतल पहनकर विधानसभा पहुंचे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में शराब घोटाला हुआ है। मैंने ध्यान आकर्षण लगाया था. सरकार भ्रष्टाचार करने वालों पर सख्त कार्रवाई करे। कांग्रेस के विधायकों ने विधानसभा में गांधी प्रतिमा के पास प्रदर्शन किया।

### बेरोजगारी के मुद्दे पर विपक्ष की किलाबंदी




### अनुपूरक बजट का कांग्रेस ने किया विरोध

अनुपूरक बजट का विरोध करते हुए उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे ने कहा कि साल में एक बार बजट सेशन आता है, इसमें एक साल के आय-व्यय का लेखा जोखा कर बजट लाया जाता है। जब बजट सेशन का प्रावधान है तो फिर अनुपूरक बजट क्यों लाया जा रहा है। सरकार मान ले कि उनके मंत्री और अधिकारी इतने योग्य नहीं है कि वे पूरे साल का बजट का हिसाब तैयार कर सकें।

### बीजेपी ने किया पलटवार- कांग्रेस के पास केतली, कटोरा के अलावा कुछ नहीं बचा

इधर, कांग्रेस के शराब घोटाले-बेरोजगारी को लेकर प्रदर्शन करने पर बीजेपी ने पलटवार किया है। पार्टी विधायक आशीष शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के पास केतली, कटोरा के अलावा कुछ नहीं बचा है। मध्य प्रदेश में बीजेपी की सरकार है। यह जो भी कथित घोटाले की बात कर रहे हैं उनकी जांच करेंगे, जो तथ्य होंगे उनके हिसाब से कार्रवाई की जाएगी।

### विजयपुर विधायक आज लेंगे शपथ, निर्मला सप्रे की सीट बदली

आज विजयपुर विधायक मुकेश मल्होत्रा विधायक के रूप में शपथ लेंगे। मल्होत्रा सोमवार और मंगलवार को सदन में नहीं आ सके थे। इसके पहले रमाकांत भार्गव (बुधनी) और कमलेश शाह (अमरवाड़ा) सोमवार को शपथ ले चुके हैं। उधर, विधानसभा सचिवालय ने कांग्रेस विधायक निर्मला सप्रे के बीजेपी जॉइन करने और कांग्रेस की ओर से उनके विरुद्ध हाईकोर्ट में याचिका दायर करने के बाद उनकी सीट बदल दी गई है।

*आंबेडकर का नाम लेना फैशन...वाले बयान पर लोकसभा और राज्यसभा में हंगामा*



## कांग्रेस ने अमित शाह को घेरा, भाजपा ने कहा वीडियो में कांटछांट की गई

नई दिल्ली ■ एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को राज्यसभा में संविधान पर चर्चा के दौरान डॉ. बीआर आंबेडकर को लेकर कांग्रेस को घेरा। इस दौरान अमित शाह के एक बयान पर हंगामा हो गया और विपक्ष ने अमित शाह पर डॉ. आंबेडकर का अपमान करने का गंभीर आरोप लगाया। इसके चलते आज यानी बुधवार को संसद में भी हंगामा जारी रहा और विपक्ष के हंगामे के चलते सदन की कार्यवाही भी सुचारू रूप से नहीं हो सकी। अमित शाह की टिप्पणी पर बुधवार को संसद में खासा हंगामा हुआ। विपक्षी सांसदों ने संसद परिसर में हाथों में आंबेडकर की तस्वीर लेकर विरोध प्रदर्शन किया।

**संसद परिसर में हाथों में आंबेडकर की तस्वीर लेकर विपक्ष ने किया विरोध प्रदर्शन**

भाजपा ने कांग्रेस के आरोपों को खारिज किया है और आरोप लगाया है कि कांग्रेस अमित शाह के भाषण का वीडियो कांट-छांट कर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रही है और सस्ती राजनीति कर रही है।

### भाजपा का पलटवार

संसदीय मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने आज राज्यसभा में कांग्रेस पर पलटवार करते हुए कहा कि कल केंद्रीय गृह मंत्री ने बताया कि जब आंबेडकर जीवित थे, तो कांग्रेस ने किस तरह से उनका अपमान किया। कांग्रेस ने इतने वर्षों तक उन्हें भारत रत्न नहीं दिया और साल 1952 में एक साजिश के तहत उन्हें चुनाव हराया। मैं एक बौद्ध हूं और बाबा साहब के बताए रास्ते पर चलने वाला व्यक्ति हूं। इस देश में बाबा साहब ने 1951 में कानून मंत्री के पद से इस्तीफा दिया था। 71 साल बाद प्रधानमंत्री मोदी ने मुझे, जो एक बौद्ध हूं, देश का कानून मंत्री बनाया।

*बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बीच लौटेंगे घर*

## गाबा में अश्विन ने किया संन्यास का ऐलान

नई दिल्ली ■ एजेंसी

रविचंद्रन अश्विन ने आज को इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास का ऐलान करके चौंका दिया। 14 साल के करियर में भारत के इस दिग्गज स्पिनर ने 537 विकेट लिए। वह टेस्ट में भारत के लिए दूसरे सबसे सफल गेंदबाज हैं। भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरे टेस्ट मैच के आखिरी दिन विराट कोहली को रविचंद्रन अश्विन से गले मिलते देखा गया। इसके बाद अश्विन के संन्यास के कयास लगाए जाने लगे। टेस्ट मैच ड्रॉ होने के बाद वह कप्तान रोहित शर्मा के साथ प्रेस क्रॉन्फ्रेंस में पहुंचे और संन्यास की पुष्टि कर दी। रोहित शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया कि अश्विन टीम के साथ नहीं रुकेंगे। वह कल गुरुवार को भारत लौटेंगे।



अश्विन ने 14 साल के शानदार करियर का अंत किया और 106 टेस्ट में 537 विकेट लेकर भारत के दूसरे सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज बने। 38 वर्षीय अश्विन ने 37 बार टेस्ट में पांच विकेट लिए। वह इस मामले में मुथैया मुरलीधरन (67) के बाद दूसरे नंबर पर रहे। 2011 और 2013 में भारत की वनडे विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी जीत का हिस्सा रहे। तमिलनाडु के स्पिनर ने सभी प्रारूपों में कुल मिलाकर 765 विकेट हासिल किए।

## चीन पहुंचे अजीत डोभाल, एलएसी विवाद के स्थायी समाधान पर होगी आज वार्ता

नई दिल्ली ■ एजेंसी

भारत-चीन के संबंधों को सुधारने की दिशा में कदम बढ़ाते हे राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल दोनों देशों के विशेष प्रतिनिधियों के बीच वार्ता के लिए बुधवार को बीजिंग पहुंचे। चीन के विदेश मंत्री वांग यी विशेष प्रतिनिधि स्तर की वार्ता में बीजिंग का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस वार्ता के बारे में पूछे जाने पर चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने मीडिया से कहा, चीन दोनों नेताओं के बीच बनी आम सहमति को पूरा करने, वार्ता के माध्यम से आपसी विश्वास को बढ़ाने, हमारी प्रतिबद्धताओं का सम्मान करने और हमारे द्विपक्षीय संबंधों को सुदृढ़ और स्थिर विकास की ओर वापस ले जाने के लिए भारत के साथ काम करने के लिए तैयार है।

डोभाल और वांग विशेष प्रतिनिधियों के बीच 23वें दौर की वार्ता करेंगे। उम्मीद है कि वे द्विपक्षीय संबंधों को फिर से मजबूत करने के लिए कई मुद्दों पर चर्चा करेंगे, जो 2020 में पूर्वी लद्दाख में चीनी घुसपैठ के बाद खराब हो गए थे। यह एसआर-स्तरीय बैठक भारत और चीन के बीच नई दिल्ली में आधिकारिक स्तर की वार्ता के एक पखवाड़े से भी कम समय बाद हुई है। इससे पहले चीन ने कहा था कि वह भारत के साथ मिलकर बनी आम सहमति को क्रियान्वित करने के लिए काम करने को तैयार है।



## संसद में आंबेडकर पर बवाल के बीच पीएम मोदी से मिले शरद पवार

**नई दिल्ली।** संविधान पर चर्चा के दौरान बीते दिन जवाब देते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने भीमराव आंबेडकर को लेकर जो बयान दिया था, उसको लेकर संसद के दोनों सदनों में विपक्ष ने खूब विरोध किया। बवाल के बीच ही पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की है। एनसीपी एसपी चीफ महाराष्ट्र चुनाव नतीजों में विपक्षी गठबंधन की हार के बाद पहली बार पीएम मोदी से मिले। पूर्व कृषि मंत्री और राज्यसभा सांसद शरद पवार ने संसद भवन में पीएम मोदी से मुलाकात के बाद कहा कि उन्होंने अनार के किसानों को लेकर प्रधानमंत्री से बात की है। सूत्रों ने बताया कि पवार के साथ सतारा के दो किसानों ने अनार का तोहफा पीएम को भेंट की। शरद पवार से जब पूछा गया कि क्या महाराष्ट्र की राजनीति पर बात हुई? तो उन्होंने कहा कि नहीं कोई बात नहीं हुई है।

*पुतिन सरकार ने कहा- 2025 से रूस के नागरिकों को मुफ्त लगाएंगे*

# कैंसर की वैक्सीन हुई तैयार, रूस का दावा 2025 में हो सकती है लॉन्च

### रूस के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि हमने कैंसर की वैक्सीन बनाने में सफलता हासिल कर ली

मॉस्को। ■ एजेंसी

कैंसर की बीमारी से पूरी दुनिया परेशान है। इसी रूस के स्वास्थ्य मंत्रालय ने दावा किया है कि उसने कैंसर की वैक्सीन तैयार कर ली है। ऐसे में यह खबर पूरा दुनिया के लिए राहत भरी है। रूस का कहना है कि वह फ्री में अपने सभी नागरिकों को यह वैक्सीन लगाएगा। रूसी स्वास्थ्य मंत्रालय के रेडियोलॉजी मेडिकल रिसर्च सेंटर के जनरल डायरेक्टर एंड्री काप्रिन ने रूसी रेडियो चैनल पर इस वैक्सीन को लेकर जानकारी दी। रूसी स्वास्थ्य मंत्रालय ने घोषणा की कि उसने कैंसर के खिलाफ एक टीका विकसित किया है जिसे 2025 की शुरुआत से रूस के कैंसर रोगियों को मुफ्त में लगाया जाएगा। इससे पहले इस साल की शुरुआत में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बताया था कि रूस कैंसर की वैक्सीन बनाने के बेहद करीब है।

### वैक्सीन का अभी तय नहीं नाम

डेली मेल की खबर के मुताबिक रूस से स्वास्थ्य मंत्रालय ने दावा किया है कि उन्होंने कैंसर की वैक्सीन विकसित कर ली है। रिपोर्ट के अनुसार यह वैक्सीन कैंसर मरीजों के इलाज के लिए होगी। हालांकि इसका इस्तेमाल ट्यूमर को रोकने के लिए नहीं होगा। इससे पहले रूस की ओर से जो बयान सामने आया था उसमें कहा गया कि वैक्सीन के हर शॉट को व्यक्तिगत रूप से मरीज के लिए तैयार किया गया है। पश्चिमी देशों में भी ऐसी ही वैक्सीन तैयार की जा रही है। रूस ने जो वैक्सीन तैयार की है उसका अभी नाम तय नहीं हुआ है।




### क्या कैंसर के खिलाफ पहली वैक्सीन?

बता दें कि 2023 में यूके सरकार ने व्यक्तिगत रूप से कैंसर उपचार विकसित करने के लिए एक जर्मन जैव प्रौद्योगिकी कंपनी के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किया। इसके अलावा मॉडर्ना और मर्क एंड कंपनी वर्तमान में त्वचा कैंसर के टीके पर काम कर रही हैं। बाजार में कुछ और टीके पहले से मौजूद हैं। ह्यूमन पेपिलोमावायरस के खिलाफ टीके सर्वाइकल कैंसर को रोकने में मदद करते हैं।

बता दें कि रूस में 2022 में कैंसर मरीजों के 635,000 से अधिक मामले दर्ज किए गए थे। यहां स्तन, कोलन और फेफड़ों के कैंसर के मामले सबसे आम बात हैं।

### क्या होती है एमआरएमए वैक्सीन

एमआरएनए या मैसेंजर आरएनए इंसानों के जेनेटिक कोड का एक छोटा सा हिस्सा है, जो हमारी सेल्स (कोशिकाओं) में प्रोटीन बनाती है। इसे आसान भाषा में ऐसे भी समझ सकते हैं कि जब हमारे शरीर पर कोई वायरस या बैक्टीरिया हमला करता है तो MRNA टेक्नोलॉजी हमारी सेल्स को उस वायरस या बैक्टीरिया से लड़ने के लिए प्रोटीन बनाने का मैसेज भेजती है। इससे हमारे इम्यून सिस्टम को जो जरूरी प्रोटीन चाहिए, वो मिल जाता है और हमारे शरीर में एंटीबॉडी बन जाती है। इसका सबसे बड़ा फायदा ये है कि इससे कन्वेंशनल वैक्सीन के मुकाबले ज्यादा जल्दी वैक्सीन बन सकती है। इसके साथ ही इससे शरीर की इम्युनिटी भी मजबूत होती है। द्वत्रह्न टेक्नोलॉजी पर आधारित यह कैंसर की वैक्सीन पहली वैक्सीन है।

## संक्षिप्त समाचार

### नेपाल के पूर्व उपप्रधानमंत्री लामिछाने 4 दिन की रिमांड पर



**काठमांडू।** नेपाल के पूर्व उपप्रधानमंत्री रवि लामिछाने को तीन महीने बाद भी जिला अदालत से राहत नहीं मिल पाई है। मंगलवार को पुलिस ने चार दिन की रिमांड मांगी, जिसे अदालत ने मंजूर कर लिया है। अदालत में दाखिल चार्जशीट में रवि लामिछाने सहित सहकारी घोटाले के 51 अन्य आरोपितों पर 135 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप लगाया गया है। पोखरा पुलिस की हिरासत में 60 दिनों तक रहने के बाद पूर्व गृहमंत्री रवि लामिछाने को आज पोखरा की जिला अदालत में पेश किया गया, जहां अदालत ने चार दिनों की रिमांड और बढ़ा दी। पोखरा पुलिस की दलील थी कि जब तक अदालत में औपचारिक रूप से आरोप पत्र नहीं दे दिया जाता, तब तक लामिछाने को पुलिस रिमांड में ही रखा जाए। पोखरा के एसपी श्यामबाबू ओलिया ने कहा कि केंद्रीय अनुसंधान विभाग सीआईबी के 600 पेज के आरोप पत्र को पढ़ने के बाद ही जिला न्यायाधिवक्ता उसे अदालत में जज के सामने औपचारिक रूप से पेश करेंगे।

### पाकिस्तान में पुलिस चेक पोस्ट पर आतंकी हमला, एएसआई और कांस्टेबल की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में आज तड़के सिंधु नदी के पास गुननगर काराकोरम राजमार्ग पर एक पुलिस चेक पोस्ट पर हुए आतंकी हमले में दो पुलिसकर्मियों की जान चली गई। जान गंवाने वालों में एक सहायक उप निरीक्षक और एक हेड कांस्टेबल है। इस हमले में तीन अन्य पुलिस कर्मचारी घायल हो गए, जिन्हें बट्टग्राम के जिला मुख्यालय अस्पताल पहुंचाया गया है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि यह हमला खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शांगला जिले की चकेसर तहसील के गुननगर इलाके की पुलिस चेकपोस्ट पर किया गया। आतंकवादियों के हमले में दो पुलिसकर्मी शहीद हो गए, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने कहा कि प्रतिबंधित आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के 2022 में सरकार के साथ हुए युद्धविराम समझौते को तोड़ने के बाद हमलों में तेजी आई है। आतंकवादी बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में लगातार पुलिस और सुरक्षा बलों को निशाना बना रहे हैं।



### अमेरिका में छात्रा ने शिक्षक समेत दो को मौत के घाट उतारा फिर कर ली आत्महत्या



वाशिंगटन। संयुक्त राज्य अमेरिका के विस्कॉन्सिन प्रांत की राजधानी मैडिसन में सोमवार सुबह एक 15 वर्षीय छात्रा ने पिस्तौल से गोली चलाकर एक शिक्षक और छात्र की हत्या कर दी। इसके बाद गोली मारकर आत्महत्या कर ली। यह खूनी खेल एबंडैंट लाइफ क्रिश्चियन स्कूल में खेला गया। इस गोलीबारी में छह अन्य घायल हो गए। मैडिसन के पुलिस प्रमुख शॉन बार्न्स ने कहा कि हमलावर छात्रा 15 वर्षीय नताली रूपनोव स्कूल के पास खून से लथपथ मिली, लेकिन अस्पताल पहुंचाने से पहले उसने दम तोड़ दिया। वह इसी स्कूल में पढ़ती थी। उसने यह खूनखराबा क्यों किया, यह अब तक साफ नहीं हो सका है।

### दक्षिण कोरिया के सेना प्रमुख जनरल पार्क एन-सु गिरफ्तार

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के सेना प्रमुख जनरल पार्क एन-सु को आज गिरफ्तार कर लिया गया। उन पर अल्पकालिक मार्शल लॉ लागू करने में मुख्य भूमिका निभाने का आरोप है। जनरल पार्क को गिरफ्तार करने की पुष्टि अभियोजकों ने की है। अभियोजकों ने कहा कि सेना प्रमुख जनरल पार्क एन-सु को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पार्क को विद्रोह में मुख्य भूमिका निभाने और सत्ता के दुरुपयोग के आरोप में अदालत से वारंट होने के बाद गिरफ्तार किया गया।



### ट्रंप ने की अपील बोले- अब नरसंहार बंद करे रुस और यूक्रेन

वॉशिंगटन। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कि हम राष्ट्रपति पुतिन और जेलेंस्की और यूक्रेन के प्रतिनिधियों से बात करेंगे। हमें इस युद्ध, इस नरसंहार को रोकना होगा। दोनों से युद्ध को खत्म करने की अपील करेंगे। ट्रंप ने कहा कि युद्ध में जारी नरसंहार को तीन साल हो चुके हैं और अब ये खत्म होना चाहिए। गौरतलब है कि ट्रंप, अमेरिका द्वारा यूक्रेन को दी जा रही अरबों डॉलर की आर्थिक और सैन्य मदद की आलोचना कर चुके हैं। ऐसे में ट्रंप के सत्ता में आने से यकीनन यूक्रेन की सरकार चिंतित होगी। ट्रंप ने कई बार दावा किया है कि वे रूस और यूक्रेन युद्ध को समाप्त कर सकते हैं। हालांकि वे ये कैसे करेंगे, इस बारे में ट्रंप ने कोई जानकारी नहीं दी है। कुछ दिनों पहले भी ट्रंप ने रूस और यूक्रेन के बीच शांति वार्ता शुरू करने की अपील की थी। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को अपने शीर्ष सैन्य जनरलों को संबोधित करते हुए कहा था कि उनकी सेना का पूरे अग्रिम मोर्चे पर दबदबा है।



### लद्दाख में पीछे हटने के बाद चीन ने फिर बढ़ाई भारत की चिंता

# डोकलाम के करीब भूटान में ड्रैगन ने बसाए 22 गांव

नई दिल्ली ■ एजेंसी

चीन की नापाक हरकतों के चलते पहले ही भारत चीन डोकलाम के मुद्दे पर लंबे समय तक टकराव में रहे थे। वहीं हाल ही में चीन और भारत के बीच लद्दाख में तनाव कम हुआ है लेकिन अब चीन ने फिर डोकलाम में अपनी टकराव वाली नीयत दिखाई है।

विस्तारवादी नीति के तहत पड़ोसियों की जमीन पर कब्जा करके उस पर दावा करना चीन की पुरानी आदत रही है। लद्दाख में लगभग 5 साल तक टकराव में विफल होने के बाद अब एक बार फिर चीन अब फिर पुराना रवैया अपनाने की कोशिश कर रहा है। चीन एक तरफ जहां भारत से सीमा विवाद को सुलझाने की बात कर रहा है, तो दूसरी ओर वह डोकलाम के आस-पास के गांवों को बसा रहा है। उसकी ये सारी चालबाजियां सैटेलाइट तस्वीरों से सामने आने लगी हैं।

पड़ोसी मुल्क चीन पिछले 8 साल से भूटान के पारंपरिक क्षेत्र में करीब 22 गांव बसा चुका है। इतना ही नहीं, ड्रैगन ने 2020 के बाद से डोकलाम नामक पठार क्षेत्र के पास करीब 8 गांवों का निर्माण कर चुका है। चीन का ये कदम जितना खतरनाक भूटान के लिए है, ठीक उतना ही नकारात्मक भारत के लिहाज से भी है।



दरअसल, चीन की चालबाजी का खुलासा सैटेलाइट फोटोज से हुआ है। डोकलाम के नज़दीक भूटान के पश्चिमी क्षेत्र में स्थित 8 गांव रणनीतिक रूप से एक घाटी या रिज पर स्थित हैं, यहां से चीन के दावे वाली घाटी दिखाई देती है, और कई चीनी सैन्य चौकियों या ठिकानों के नज़दीक हैं।

बता दें कि पर्यवेक्षकों और शोधकर्ताओं द्वारा खोजे गए 22 गांवों में से सबसे बड़ा गांव, जिवु है। ये पारंपरिक भूटानी चरागाह भूमि पर बना है जिसे त्सेथांगखा के नाम से भी जाना जाता है, और यह पश्चिमी क्षेत्र में स्थित है। इन गांवों की अवस्थिति ने एक बार फिर दिल्ली में बैठी सत्ता को चिंतित कर दिया है। इसकी वजह यह भी है कि इस रणनीतिक क्षेत्र में चीनी स्थिति मजबूत होने से सिलीगुड़ी कॉरिडोर या तथाकथित च्चिकन नेकज्ज् की भेद्यता बढ़ सकती है, ये भारत की मुख्य भूमि को पूर्वोत्तर राज्यों से जोड़ने वाला एक संकीर्ण भूभाग है।

बता दें कि डोकलाम 2017 में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच 73 दिनों तक चले टकराव की वजह बन चुका है, जब नई दिल्ली ने सड़क और अन्य सुविधाओं के निर्माण को रोकने के लिए हस्तक्षेप किया था, जिससे चीन को पठार के सबसे दक्षिणी हिस्से तक पहुंच मिल जाती। हालांकि गतिरोध के अंत में दोनों पक्षों की सेनाएं पीछे हट गई थीं। वहीं अब एक बार फिर सामने आई सैटेलाइट इमेज ने नया विवाद खड़ा कर दिया है।

### सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क पहुंचे हाईकोट

## संभल मामले में दर्ज एफआईआर रद्द करने के लिये लगाई गुहार

नई दिल्ली ■ एजेंसी



उत्तर प्रदेश के संभल जिले में हिंसा के बाद सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। जानकारी के मुताबिक हिंसा मामले में उनके ऊपर दर्ज हुई एफआईआर को लेकर वह हाईकोर्ट पहुंचे हैं।

उत्तर प्रदेश के संभल जिले में हिंसा के बाद सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। जानकारी के मुताबिक हिंसा मामले में उनके ऊपर दर्ज हुई एफआईआर को दर्ज कराने से जुड़ी अर्जी लेकर वह हाईकोर्ट पहुंचे हैं। संभल में हुई हिंसा के मामले में उत्तर प्रदेश पुलिस ने सख्त एक्शन लेते हुए सपा सांसद जिया उर रहमान बर्क के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। संभल में यह सारा विवाद तब शुरू हुआ था जब कोर्ट कमिश्नर की एक टीम संभल की जामा मस्जिद में सर्वे करने के लिए पहुंची थी।

सांसद जिया उर रहमान बर्क के अलावा स्थानीय विधायक इकबाल महमूद के बेटे सोहेल इकबाल के खिलाफ भी केस दर्ज किया गया है। सोहेल इकबाल भी सपा के नेता हैं। पुलिस का कहना था कि इन दोनों पर हिंसा भड़काने, भीड़ जुटाने और अशांति फैलाने का आरोप है।

संभल मामले में वहां के एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि कुल 2700 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इस मामले में 7 एफआईआर दर्ज की गई है। 5 संभल कोतवाली में और दो एफआईआर नखासा थाने में दर्ज की गई है। संभल के समाजवादी पार्टी सांसद जियाउर रहमान बर्क के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की गई है। सांसद जिया उर रहमान बर्क के अलावा स्थानीय विधायक इकबाल महमूद के बेटे सोहेल इकबाल के खिलाफ भी केस दर्ज किया गया है। सोहेल इकबाल भी सपा के नेता हैं।

संभल में हुई हिंसा के बाद से प्रशासन अतिक्रमण हटाने और बिजली के मीटर चेक करने जैसी कार्रवाई कर रहा है।

संभल के अलग-अलग इलाकों में पिछले कुछ दिनों से रेड जारी है। मंगलवार को विभाग की टीम सांसद जियाउर रहमान बर्क के आवास पर भी पहुंची थी। जहा 3 मीटर सील किए गए हैं। बताया जा रहा है कि इन मीटरों की जगह अब स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं।

### आर्मेनियाई नेशनल असेंबली के अध्यक्ष सिमोनियन ने उपराष्ट्रपति धनखड़ से मुलाकात की



**नई दिल्ली।** आर्मेनिया की नेशनल असेंबली के अध्यक्ष एलन सिमोनियन ने मंगलवार को उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ से संसद भवन में मुलाकात की। दोनों की चर्चा के मुख्य विषय अंतर-संसदीय संबंध, शिक्षा, अर्थव्यवस्था और द्विपक्षीय हित के अन्य विषय थे।

## हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त जजों को मिल रही 10 से 15 हजार पेंशन, सुप्रीम कोर्ट ने स्थिति को बेहद दयनीय बताया

नई दिल्ली ■ एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को महज 10 से 15 हजार रुपये पेंशन मिल रही है। यह बेहद दयनीय स्थिति है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि हर मामले में कानूनी दृष्टिकोण अपनाना ठीक नहीं है। कुछ मामलों में मानवीय दृष्टिकोण भी अपनाया जाए।

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त जजों की पेंशन को लेकर निराशा जाहिर की। कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को महज 10 से 15 हजार रुपये पेंशन मिल रही है। यह बेहद दयनीय स्थिति है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि हर मामले में कानूनी दृष्टिकोण अपनाना ठीक नहीं है। कुछ मामलों में मानवीय दृष्टिकोण भी अपनाया जाए। उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की पेंशन से जुड़े मुद्दे वाली याचिका पर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की। इस दौरान सरकार की ओर पेश हुए अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने पीठ से अनुरोध किया कि मामले की सुनवाई जनवरी में की जाए। सरकार इस मुद्दे को सुलझाने का प्रयास करेगी। इस पर पीठ ने कहा कि बेहतर होगा कि आप सरकार को समझाएं कि हमारे हस्तक्षेप से बचा जाना चाहिए। इस मामले पर अलग-अलग मामलों के आधार पर फैसला नहीं किया जाएगा और शीर्ष अदालत जो भी फैसला सुनाएगी, वह सभी उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों पर लागू होगा। इसके बाद पीठ ने मामले की सुनवाई आठ जनवरी को सूचीबद्ध की। हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त जजों की पेंशन का मुद्दा पहले भी सुप्रीम कोर्ट में उठ चुका है। पिछले महीने एक याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने हैरानी जताई थी कि उच्च न्यायालय के कुछ सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को छह हजार रुपये से लेकर 15,000 रुपये तक की मामूली पेंशन मिल रही है। शीर्ष अदालत हाइकोर्ट के एक सेवानिवृत्त जज की याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

## भ्रामक विज्ञापन के लिए 45 कोचिंग सेंटरों को नोटिस

नई दिल्ली ■ एजेंसी

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने उपभोक्ता हितों की रक्षा के लिए भ्रामक विज्ञापन के मामले में 45 कोचिंग सेंटरों को नोटिस जारी किया किए हैं। केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण राज्यमंत्री बी.एल. वर्मा ने मंगलवार को राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सीसीपीए ने 19 कोचिंग संस्थानों पर 61,60,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है और उन्हें भ्रामक विज्ञापन और अनुचित व्यापार प्रथाओं को बंद करने का निर्देश दिया है।

उन्होंने कहा कि सीसीपीए ने 13 नवंबर को कोचिंग सेंटरों को माल या सेवा की बिक्री को बढ़ावा देने और भ्रामक या अनुचित प्रथाओं में संलग्न होने के लिए झूठे या भ्रामक दावे व विज्ञापन करने से रोकने के लिए कोचिंग क्षेत्र में भ्रामक विज्ञापन की रोकथाम के लिए दिशानिर्देश, 2024 जारी किए हैं। वर्मा ने कहा कि उपभोक्ता मामलों के विभाग ने राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) के माध्यम से यूपीएससी सिविल सेवा, आईआईटी और अन्य प्रवेश परीक्षाओं के लिए नामांकन कराने वाले छात्रों और उम्मीदवारों के लिए न्याय सुनिश्चित करने के लिए मुकदमेबाजी से पहले के चरण में सफलतापूर्वक हस्तक्षेप किया है। विभिन्न कोचिंग सेंटरों द्वारा अनुचित व्यवहार, विशेष रूप से छात्रों व अभ्यर्थियों की नामांकन फीस वापस न करने के संबंध में राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन में दर्ज की गई कई शिकायतों के बाद, एनसीएच ने प्रभावित छात्रों को कुल 1.15 करोड़ रुपये की वापसी की सुविधा प्रदान करने के लिए मिशन-मोड पर इन शिकायतों को हल करने के लिए एक अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता मामले विभाग प्रगतिशील कानून बनाकर उपभोक्ता संरक्षण और उपभोक्ताओं के सशक्तिकरण के लिए लगातार काम कर रहा है। वैश्वीकरण, प्रौद्योगिकी, ई-कॉमर्स बाजार आदि के नए युग में उपभोक्ता संरक्षण को नियंत्रित करने वाले ढांचे को आधुनिक बनाने के उद्देश्य से उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 को निरस्त कर दिया गया और उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 लागू किया गया। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 की धारा-10 के तहत केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण की स्थापना की गई है।

### दिल्ली के बुजुर्गों के लिए संजीवनी स्कीम का ऐलान करेंगे केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली में अगले साल की शुरुआत में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं. इससे पहले आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल बुजुर्गों के लिए संजीवनी योजना शुरू करने जा रहे हैं. इसका ऐलान थोड़ी देर में होने जा रही पार्टी की प्रेस कॉन्फ्रेंस में किया जाएगा.

आम आदमी पार्टी की यह योजना मुख्य रूप से बुजुर्गों के स्वास्थ्य और पेंशन पर केंद्रित होगी. संजीवनी योजना के तहत बुजुर्ग पेंशन बढ़ाई जा सकती है। बता दें कि इससे पहले केजरीवाल ने ऐलान किया था कि आज दोपहर एक बजे बहुत ही महत्वपूर्ण घोषणा करने जा रहा हूं. ये घोषणा हमारे बुजुर्गों के लिए होगी और दिल्ली मॉडल में एक और मील का पत्थर साबित होगी. मालूम हो कि पिछले हफ्ते ही केजरीवाल ने महिला सम्मान योजना का ऐलान किया था, जिसके तहत दिल्ली की 18 साल से अधिक उम्र की महिलाओं को हर महीने 1000 रुपये जबकि चुनाव जीतने के बाद 2100 रुपये मिलना शुरू हो जाएंगे।

### ब्रिटेन के प्रिंस पर चीनी जासूस से करीबी का आरोप

## शाही परिवार के क्रिसमस फेस्टिवल से दूर रहेंगे एंड्रयू, पूर्व पीएम कैमरन का नाम भी जुड़ा

लंदन ■ एजेंसी

ब्रिटेन के प्रिंस एंड्रयू पर चीन के जासूस के करीबी होने का आरोप लगा है। प्रिंस एंड्रयू चीनी कारोबारी यांग टेंगबो के साथ करीबी संबंधों के चलते जांच के दायरे में हैं। यांग टेंगबों पर चीन के लिए जासूसी करने का आरोप है।

यांग टेंगबो को अब तक कोड नेम ॥6 के नाम से जाना जाता था। हालांकि सोमवार को एक कोर्ट ने उनका नाम सार्वजनिक न करने के आदेश को हटा दिया था। इसके बाद यांग की पहचान सार्वजनिक की गई।

वहीं प्रिंस एंड्रयू ने यांग से संबंधों के आरोप के बाद शाही परिवार के क्रिसमस फेस्टिवल से दूसर रहने के फैसला किया है। वे इस साल इस समारोह में शामिल नहीं होंगे। प्रिंस एंड्रयू ब्रिटेन की पूर्व महारानी



एलिजाबैथ के तीसरे बच्चे और वर्तमान किंग चार्ल्स के मझले भाई हैं। उन्हें ड्यूक ऑफ यॉर्क भी कहा जाता है। यांग टेंगबो (50) को क्रिस यांग के नाम से भी जाना जाता है। यांग एक कंसल्टेंसी कंपनी हैम्पटन ग्रुप इंटरनेशनल के डायरेक्टर हैं। ये कंपनी चीन में ब्रिटेन की कंपनियों के उनके संचालन के लिए सलाह देने का काम करती है।

यांग टेंगबो इससे पहले ब्रिटेन के पूर्व क्करू डेविड कैमरन और थेरेसा मे जैसे प्रमुख राजनेताओं के साथ देखे गए हैं। प्रिंस एंड्रयू ने चीनी कारोबारियों को बढ़ावा देने के लिए एक पिच एट पैलेस चाइना प्लेटफार्म बनाया था। यांग इस प्लेटफार्म में शामिल महत्वपूर्ण व्यक्ति हैं।

यांग पर चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के लिए संदिग्ध गतिविधियों में शामिल होने का आरोप है। ब्रिटेन की खुफिया एजेंसी रूढ्ढ-5 ने यांग पर राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा पैदा करने का आरोप लगाया था। कोर्ट ने एजेंसी की रिपोर्ट को स्वीकार करते हुए यांग की अपील को खारिज कर दिया है। प्रिंस एंड्रयू के कार्यालय ने उन पर लगे आरोपों को लेकर सफाई दी है। कार्यालय ने बताया कि प्रिंस एंड्रयू ने यांग से आधिकारिक तौर पर मुलाकात की थी। प्रिंस ने यांग के साथ किसी भी संवेदनशील मुद्दे पर चर्चा नहीं की थी।

### पंजाब में किसानों का रेल रोको आंदोलन शुरू

# 48 जगहों पर धरना दे रहे किसान, महिलाएं भी झंडे लेकर ट्रैक पर पहुंचीं

पटियाला ■ एजेंसी

*पंजाब में शंभू बॉर्डर और खनौरी बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन के समर्थन में आज 3 घंटे के लिए ट्रेनें रोकी जा रही हैं। 48 जगहों पर किसान दोपहर 12 बजे से ट्रैक पर बैठे हैं, 3 बजे तक प्रोटेस्ट चलेगा। कई जगहों पर किसानों के साथ महिलाएं भी झंडा लेकर ट्रैक पर डटी हुई हैं।*

*अमृतसर, जालंधर और होशियारपुर में सबसे धरने दिए जा रहे हैं। रेल रोको आंदोलन का ऐलान 14 दिसंबर को किसान नेता सरवण पंधेर ने किया था। खनौरी बॉर्डर पर चल रहे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के आमरण अनशन को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा (स्यरू) ने आज इमरजेंसी मीटिंग बुलाई है। मीटिंग दोपहर 2 बजे चंडीगढ़ स्थित किसान भवन में होगी। इसमें डल्लेवाल के संघर्ष को समर्थन देने का ऐलान हो सकता है। इसके बाद शाम 7 बजे गवर्नर से मिलने का प्रोग्राम है। पहले यह मीटिंग 24 दिसंबर को रखी गई थी, लेकिन किसान नेता जगजीत डल्लेवाल की बिगड़ती सेहत को देखते हुए मीटिंग का समय बदला गया है। अमृतसर के कई रेल फाटकों पर आज किसान धरना देने बैठे हैं। अमृतसर के देवीदासपुरा, ब्यास, पंधेर कलां, कत्थू नंगल, रमदास, जहानगीर, झंडे और रेलवे स्टेशन पर किसानों की अलग-अलग जत्थेबंदियां 12 से 3 बजे तक रेल को रोकने के लिए बैठी हैं। जिसके लिए तैयारियां दो दिन पहले ही की गई हैं। रेल रोको आंदोलन के शुरू होने से पहले किसान नेता सरवण सिंह पंधेर ने कहा कि प्रेस कुछ लिख बोल ना पाए इसलिए मुख्यमंत्री भगवंत मान आज पंजाब में दौरे पर हैं, लेकिन मीडिया किसानों के साथ है।*






भोपाल। लोक शिक्षण संस्थान विभाग द्वारा 20-21-22 से श्यामला हिल स्थित मानव संग्रहालय में राष्ट्रीय बाल रंग का आयोजन किया जा रहा है। इस बाल रंग में कार्यक्रम में देश भर बच्चे शामिल होंग। इस कार्यक्रम का उद्घाटन 20 तारीख को शिक्षा मंत्री द्वारा किया जाएगा। इस संबंध में लोक शिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता में अधिकारियों ने राष्ट्रीय बाल रंग के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

### महंगे शौक पूरा करने के लिए इजीनियरिंग छात्रों ने बनाया वाहन चोर गिरोह

# विदिशा, भोपाल में दिया नौ वारदातों को अंजाम, 11 लाख की बाइकें जप्त

**भोपाल ■ अमृत दर्शन**

राजधानी भोपाल की पिपलानी पुलिस ने वाहन चोर गिरोह को दबोचा है। मामले में हैरानी वाली बात यह है की गिरोह के पकड़े गये आरोपी आदतन अपराधी नहीं बल्कि अलग-अलग शहरो से यहॉ पढ़ने आये इजीनियरिंग छात्र है, जिन्होनें अपने मंहगे शौक पूरा करने के लिए बाइक चोर गिरोह बना लिया। छात्रो के गिरोह ने पूछताछ में नौ बाइक चोरी का खुलाया किया है, पुलिस ने 11 लाख से अधिक की 7 बाइके बरामद की है। अधिकारियो ने बताया कि बीती 14 दिसंबर को थाने में दर्ज दो पहिया वाहन चोरी के



मामले में पुलिस टीम ने छानबीन शुरु की थी। पड़ताल के दौरान टीम को सीसीटीवी फुटेज में अहम सुराग हाथ लगे थे। इसके बाद पुलिस ने संदेहियों प्रवीण शुक्ला, अथर्व त्यागी, संस्कार मिश्रा और अभिषेक सिंह बघेल को हिरासत में लेकर पूछताछ की। आगे की कार्यवाही में सामने आया कि आरोपी प्रवीण शुक्ला पिता राजेश शुक्ला (20) मूलत: अनूपपुर जिले का रहने वाला है। फिलहाल वह विदिशा जिले में चिरंजीवी अस्पताल के पीछे रहता है। उसके साथ ही अथर्व त्यागी पिता राजेश त्यागी (19) भी रहता है। अथर्व ग्वालियर जिले का रहने वाला है। आरोपी संस्कार मिश्रा पिता चन्द्रशेखर मिश्रा (19) अनूपपुर जिले के कोतमा थाना क्षेत्र का रहने वाला है। चौथा आरोपी अभिषेक सिंह बघेल पिता यादवेन्द्र सिंह बघेल (19) शहडोल जिले का रहने वाला है, जो फिलहाल छत्रसाल फेस-1 पिपलानी में रहता है। चारों आरोपी पिपलानी थाना क्षेत्र में स्थित एक निजी कॉलेज से इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे हैं। चारो में खासी दोस्ती है, अपने महंगे शौक पूरा करने के लिये उन्होनें बाइक चोरी की वारदातो को अंजाम देना शुरु कर दिया। वह महंगी बाइकस को अपना निशाना बनाते थे। इंजीनियरिंग छात्रों के चोर गिरोह ने विदिशा से भी वाहन चोरी किये थे। आरोपियो ने कई बाइकें जिला शहडोल और जिला अनुपपुर मे अपने घर मे छुपाकर रखी थी। अब तक पुलिस ने गिरोह की निशानदेही पर 7 दो पहिया वाहन बरामद किये है। अधिकारियो का कहना है कि आरोपी छात्र भोपाल से वाहन चोरी करके बाहर के जिलों में बेचा करते थे। पुलिस आरोपियों से अन्य वारदातो के बारे में पूछताछ कर रही है।

### जनसुनवाई में 108 आवेदन प्राप्त हुए

## कलेक्टर ने सुनी आवेदकों की समस्याएं




**भोपाल ■ अमृत दर्शन**

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को एडीएम सिद्धार्थ जैन, अंकुर मेश्राम, एडीएम प्रकाश नायक, डिप्टी कलेक्टर मोहम्मद इकबाल, श्रीमती निधि चौकसे, अजय शर्मा एवं अन्य अधिकारियों ने जिले से जनसुनवाई में आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही कर दिया गया। जनसुनवाई में आए नागरिकों से 108आवेदन प्राप्त हुए।

जनसुनवाई में आये 80 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग आवेदक मोतीलाल निवासी- टीला जमालपुरा को कलेक्टर कौशलेंद्र सिंह के आदेशानुसार सामाजिक न्याय निश्शक्तजन कल्याण विभाग के संयुक्त संचालक आर.के. सिंह द्वारा ट्राई साईकिल प्रदान की गई।

एडीएम सिद्धार्थ जैन, अंकुर मेश्राम, प्रकाश नायक भूपेंद्र गोयल ने जनसुनवाई में आए हर एक आवेदक से धैर्यपूर्वक उनकी समस्याओं पर चर्चा की और उन्हें उनके शीघ्र निराकरण का आश्वासन भी दिया।

## बैंक ऑफ़ इंडिया ने मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी से किया विशेष अनुबंध

### नियमित तथा संविदा कर्मचारियों के लिए दो करोड़ तक का दुर्घटना बीमा

**भोपाल ■ अमृत दर्शन**

बैंक ऑफ़ इंडिया ने मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी से विशेष अनुबंध किया है। इसमें कंपनी के नियमित एवं संविदा कर्मचारियों के लिए 2 करोड़ रूपये तक का दुर्घटना बीमा सहित कई विशेष आकर्षक बैंकिंग सुविधा मुहैया कराई जाएंगी। इसमें बिजली कंपनी के नियमित एवं संविदा कर्मचारियों के लिए वेतन बचत खाता खोलने पर अनेक सुविधाएं दी जायेगी। इसमें आकर्षक बैंकिंग सुविधाएं जैसे जीरो बैलेंस रहने पर भी कोई पेनल्टी नहीं लगेगी, डेबिट कार्ड एवं क्रेडिट कार्ड निशुल्क जारी किया जाएगा, बैंक द्वारा चेक बुक, पे आर्डर, डीडी निशुल?क रहेगा। वहीं एनईएफटी अथवा आरटीजीएस सुविधा भी नि:शुल्क रहेगी। बैंक ऑफ इंडिया द्वारा पर्सनल लोन, कार लोन एवं होम लोन में विशेष छूट दी जाएगी।

### किसानों को नहीं मिल पा रही मिट्टी के स्वास्थ्य की जानकारी

# 6 साल से बंद पड़े हैं मिट्टी परीक्षण लैब

**भोपाल ■ अमृत दर्शन**

बुंदेलखंड के किसानों को मिट्टी की सही जानकारी उपलब्ध कराने के लिए मृदा परीक्षण प्रयोगशालाएं शुरू की गई थीं। लेकिन तकनीशियन नहीं होने से करोड़ों रूपए खर्च कर तैयार की गई प्रयोगशालाएं बंद पड़ी हैं। इस वजह से किसानों को मिट्टी के स्वास्थ्य की जानकारी नहीं मिल पा रही है। गौरतलब है कि खेती किसानी में मिट्टी की उर्वरा शक्ति बहुत महत्वपूर्ण होती है, लेकिन लगातार रासायनिक खाद के उपयोग से मिट्टी के तत्व बदल जाते हैं। किसानों को मिट्टी की उर्वरा शक्ति की सही जानकारी नहीं होती। किसानों को सही जानकारी देने के लिए मिट्टी के सैंपल की जांच की जाती है। ताकि किसान मिट्टी के रासायनिक तत्व के हिसाब से खाद का उपयोग कर सके। इसके लिए बुंदेलखंड में 16.24 करोड़ से 28 मिट्टी परीक्षण लैब बनाए गए थे, जो 6 साल से बंद हैं। इससे किसानों को मिट्टी परीक्षण कराने में परेशानी होती है।

**कहीं जर्जर हो रहा भवन, कहीं ताला लटका:** बुंदेलखंड में मृदा परीक्षण प्रयोगशालाओं की स्थिति बेहद खराब है। सागर जिले के रहली की मिट्टी परीक्षण लैब का भवन ही जर्जर हो गया है। पानी के पाइप टूट गए हैं। खिड़कियों के कांच भी तोड़ दिए हैं। भवन का चैनल खुला पड़ा है। इसके लिए आई मशीनें भी धूल खा रही है। दमोह जिले के बटियागढ़ की इस मिनी लैब का शिलालेख ही टूट गया लेकिन ताला नहीं खुला। यहां भी लैब के लिए 22 लाख रुपए की लागत से आए कम्प्यूटर और उपकरण स्टोर रूम में धूल खा रहे हैं। स्टॉफ अब तक पदस्थ नहीं किया। सागर जिले में 11 लैब है, इसमें से 10 लैब बंद पड़ी है। इन 10 लैब के लिए 45 बॉक्स केमिकल आया है। प्रत्येक बॉक्स की कीमत 65 हजार रुपए है। कुल 29.25 लाख रुपए का केमिकल आया है। छतरपुर जिले में 8 लैब है, इसमें से 7 लैब बंद पड़ी है। इन 7 लैब के लिए 80 बॉक्स केमिकल आया। प्रत्येक बॉक्स की कीमत 65 हजार रुपए है। कुल 52 लाख रुपए का केमिकल आया है। दमोह जिले में 7 लैब है, इसमें 6 लैब बंद है। इन 6 लैब के लिए 14 किट केमिकल आया। प्रत्येक किट की कीमत 14 हजार रुपए है। कुल 1.96 लाख का केमिकल आया। टीकमगढ़ जिले में 4 लैब है, इसमें 3 बंद है। इन 3 लैब के लिए 10 किट केमिकल आया। एक किट की कीमत 20 हजार रुपए है। कुल 2 लाख का केमिकल आया।



### मशीनें खा रही हैं धूल

ब्लॉक स्तर पर खोली गई मिट्टी परीक्षण लैबों में ताला लटका हुआ है और मशीनें धूल खा रही हैं। इसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं और इसे शुरू कराने कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। जानकारों का कहना है कि लाखों रुपए खर्च कर लैब का निर्माण किया गया है और मशीनें भी लगाई गई हैं, लेकिन उन्हें चलाने वाला कोई नहीं है। क्योंकि लैब में स्थायी स्टाफ की व्यवस्था नहीं की गई है। गौरतलब है कि समय-समय पर मिट्टी की जांच कर यह पता लगाया जाता है कि किस पदार्थ की कमी है और किसकी मात्रा ज्यादा है, इसी रिपोर्ट के आधार पर ही किसानों को खाद का उपयोग करने की सलाह दी जाती है, लेकिन बुंदेलखड़ के जिलों में जांच के लिए तैयार की गई लैब 6 वर्षों से बंद पड़ी है।

### 4 महीने से बेकाम पड़ा 87.21 लाख का केमिकल

जानकारी के अनुसार बुंदेलखंड के 5 जिलों में 28 मिट्टी परीक्षण लैब ऐसी है, जो 6 साल से बंद पड़ी है। बावजूद इसके इन मिनी लैब में 87.21 लाख रुपए का केमिकल भेज दिया। ये केमिकल 4 महीने से ऐसा ही पड़ा है, जो अप्रैल 2025 में एक्यपायर हो जाएगा। तकनीशियन नहीं होने से इन लैबों के अभी चालू होने की उम्मीद भी नहीं है। केंद्र सरकार के कृषि मंत्रालय ने राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत साल 2017-18 में मध्यप्रदेश के प्रत्येक ब्लॉक में मृदा परीक्षण केंद्र खोलने के लिए राशि जारी की। इसके तहत बुंदेलखंड के 5 जिलों में 28 केंद्रों का निर्माण हुआ। एक मिनी लैब का भवन 36 लाख रुपए में तैयार हुआ। इस तरह 10.08 करोड़ रुपए खर्च किए। फिर इन सभी केंद्रों में कम्प्यूटर और लैब उपकरण स्थापित किए। इस पर 22 लाख रुपए प्रति मिनी लैब खर्च किए। इसका कुल खर्च 6.16 करोड़ आया। इस प्रकार बुंदेलखंड की 28 लैब पर 16.24 करोड़ रुपए खर्च किए। अब इन लैबों में स्टॉफ पदस्थ करना था लेकिन प्रदेश सरकार ने ये काम नहीं किया। नतीजतन इनमें से एक भी लैब चालू नहीं हो पाई। अब कृषि विभाग ने इन सभी लैब के लिए केमिकल भेज दिया है, जो अनुपयोगी हो रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### विद्युत पेंशनर्स हित रक्षक संघ का वार्षिक सम्मेलन संपन्न

भोपाल। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि पेंशनर्स हमारे समाज की धरोहर हैं, और उनकी समस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिकता है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने सिंधु भवन भोपाल में विद्युत पेंशनर्स हित रक्षक संघ के प्रादेशिक वार्षिक सम्मेलन का उद्घाटन किया। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने संघ की स्मारिका का विमोचन भी किया। संगठन प्रतिनिधियों ने उप मुख्यमंत्री को पेंशनर्स की तीन प्रमुख मांगों - पेंशन की शासकीय गारंटी, महंगाई राहत का समय पर भुगतान और कैशलैस हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा। उन्होंने इन मांगों पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने उपस्थित पेंशनर्स से आत्मीय संवाद किया प्रांतीय कार्यवाहक अध्यक्ष आर.डी. मिश्रा, संरक्षक डॉ. शैलेन्द्र व्यास, और भोपाल शाखा अध्यक्ष बी.आर. मानकर सहित अन्य पदाधिकारी इस अवसर पर उपस्थित थे।

### प्रदेश में पाठ्य पुस्तक स्थायी समिति का गठन, अधिसूचना जारी

भोपाल। प्रदेश में प्राथमिक और माध्यमिक स्कूल और माध्यमिक शिक्षा से जुड़ी पाठ्य पुस्तकों के पाठ्यक्रम तैयार करने के लिये स्थायी समिति का गठन किया गया है। इस संबंध में विभाग ने 13 दिसम्बर 2024 को अधिसूचना जारी की है। गठित समिति का कार्यकाल 3 वर्ष का रहेगा। गठित समिति का अध्यक्ष डॉ. अलकेश चतुर्वेदी को बनाया गया है। अन्य सदस्यों में डॉ. भागीरथ कुमरावत, डॉ. बलराम परमार, डॉ. रविन्द्र सोहोनी, डॉ. अनुपम जैन, डॉ. प्रेमलता नीलम, राजकुमार वैद्य, शिरोमणी दुबे, डॉ. आशीष भारती, डॉ. विनय सिंह चौहान और राजेश तिवारी को शामिल किया गया है। समिति में शासकीय सदस्यों के रूप में संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र, आयुक्त लोक शिक्षण, सचिव मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल, प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश पाठ्य पुस्तक निगम को मनोनीत किया गया है। संचालक राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद भोपाल समिति के सदस्य सचिव होंगे।

### वायु गुणवत्ता को प्रभावित करने वालों के विरूद्ध अभियान निरंतर जारी

भोपाल। नगर निगम द्वारा सीएंडडी वेस्ट, भवन निर्माण सामग्री सड़कों पर फैलाने तथा निर्माणाधीन भवनों पर ग्रीन नेट न लगाकर वायु गुणवत्ता एवं शहर की स्वच्छता को प्रभावित करने वालों के विरूद्ध अभियान के तहत कार्यवाही निरंतर जारी है। इसी तारतम्य में निगम अमले ने विभिन्न क्षेत्रों में सीएंडडी वेस्ट, भवन निर्माण सामग्री, सड़कों सार्वजनिक स्थलों पर फैलाने तथा निर्माणाधीन भवन पर ग्रीन नेट न लगाने वालों सहित साफ-सफाई व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की और सी.एण्ड.डी वेस्ट फैलाने वालों के विरूद्ध 05 प्रकरणों में 09 हजार 700 रूपये की राशि स्पॉट फाईन/जुर्माने के रूप में वसूल की। निगम अमले ने कुल 151 प्रकरणों में 36 हजार 550 रुपये की राशि स्पॉट फाईन/जुर्माने के रूप में वसूल की। निगम प्रशासन ने भवन निर्माताओं से अपील की है कि वह भवन निर्माण के समय ग्रीन नेट का पूरी तरह उपयोग करें और शहर के वायु गुणवत्ता में सुधार हेतु सहयोग करें अन्यथा निगम प्रशासन द्वारा निरंतर सख्त कार्यवाही की जायेगी।

## वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में पक्षी अवलोकन एवं नेचर कैम्प का आयोजन

**भोपाल ■ अमृत दर्शन**

मध्यप्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड के सहयोग से वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, भोपाल में छात्र-छात्राओं में वन, वन्यप्राणियों एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता तथा प्रकृति संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने की दृष्टि से भोपाल शहर एवं उसके आस-पास के ग्रामों के शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिये एक दिवसीय पक्षी अवलोकन एवं नेचर कैम्प आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में आज 17 दिसम्बर को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सी.एम. राईज कमला नेहरू टी.टी. नगर भोपाल की 33 छात्राओं एवं 2 शिक्षिकाओं ने उक्त पक्षी अवलोकन एवं नेचर कैम्प में भाग लिया। कार्यक्रम में स्त्रोत व्यक्ति रूप में ए.के. खरे, से.नि. उप



वनसंरक्षक एवं विजय नंदवंशी उपस्थित रहे।

विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों को पक्षी दर्शन, तितली, वन्यप्राणी दर्शन स्थल पर विद्यमान वानिकी गतिविधियों की जानकारी, वन, वन्यप्राणी व पर्यावरण से संबंधित रोचक गतिविधियों कराई गई एवं सर्पों के बारे में जानकारी प्रदान कर उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया गया। इसके अतिरिक्त बाघ, तेंदुआ, भालू, मगर, घड़ियाल, चीतल, सांभर, नीलगाय आदि वन्यप्राणियों का भी अवलोकन किया। साथ ही किंग फिशर, ओपन बिल स्टॉर्क, वुलीनेक स्टॉर्क, कार्मोरेंट, जकाना, कूट, आदि पक्षी दिखे एवं नीडम क्षेत्र में कृत्रिम घोंसले तथा पक्षियों के पुतले भी देखे। इस अवसर पर मिशन लाईफ अंतर्गत पर्यावरण को बचाने के लिये उपस्थित प्रतिभागियों द्वारा शपथ भी ली गई एवं विशेषज्ञों द्वारा मिशन लाईफ के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

### महिला सुरक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

## रेलवे स्टेशन पर महिला यात्रियों के लिए सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन

**भोपाल ■ अमृत दर्शन**

भोपाल मंडल की महिला कल्याण संगठन द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए, आज भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 01 स्थित महिला प्रतीक्षालय और प्लेटफार्म नंबर 06 स्थित सामान्य यात्री प्रतीक्षालय में 25 पैड की क्षमता वाली सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन का उद्घाटन किया गया। यह सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन महिला यात्रियों के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा होगी, जिससे उन्हें सफर के दौरान स्वच्छता और सुविधा सुनिश्चित होगी, जिससे सफर के दौरान इमरजेंसी में पैड की सुविधा मिलेगी। महिलाएँ पाँच रुपये का




सिक्का डालकर आसानी से सेनेटरी पैड प्राप्त कर सकती हैं। महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष श्रीमती गुंजन त्रिपाठी ने इस पहल को महिला यात्रियों के आत्मसम्मान, सुविधा और सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि इस सुविधा से महिलाओं को यात्रा के दौरान स्वच्छता और आत्मनिर्भरता मिलेगी, जिससे उनकी यात्रा अधिक सुखद और सुरक्षित बनेगी।

इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक श्रीमती रश्मि दिवाकर, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ कटारिया, और गैर सरकारी संगठन -सेतु की सह-संस्थापक श्रीमती मीता वाधवा के साथ महिला कल्याण संगठन की अन्य महिला सदस्य भी उपस्थित रहीं।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ कटारिया ने बताया कि महिला प्रतीक्षालय में स्थापित की गई इस वेंडिंग मशीन से महिला यात्रियों को समय पर और आसानी से सेनेटरी पैड मिल सकेंगे, जिससे उनकी यात्रा और भी आरामदायक और सुरक्षित बनेगी। यह पहल महिला स्वास्थ्य और स्वच्छता को प्राथमिकता देने के उद्देश्य से की गई है। सेतु की सह-संस्थापक श्रीमती मीता वाधवा ने इस पहल के लिए महिला कल्याण संगठन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कदम रेलवे प्रशासन द्वारा महिलाओं की स्वास्थ्य सुरक्षा को बढ़ावा देने में एक मील का पत्थर साबित होगा।

## वन मेले में मिलेट्स के नूडल्स और 30 प्रकार के लड्डू भी

**भोपाल ■ अमृत दर्शन**

महिला सशक्तीकरण की थीम पर मंगलवार से लाल परेड मैदान में अंतरराष्ट्री वन मेला शुरू हुआ। इस बार वन मेला में लोग सेहत के साथ स्वाद का आनंद ले सकेंगे। यहां मिलेट्स के फास्ट फूड जैसे पास्ता, नूडल्स के साथ गोंद, तिल, सोंठ, मैथी, उड़द, मूसली और पान के लड्डू लाए गए हैं। वन मेले में सुबह 10 बजे से वैद्य निशुल्क चिकित्सा परामर्श देंगे। भोपाल वन मेले का शुभारंभ राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने किया। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ लघु वनोपज संघ के तहत प्रोत्साहन पारिश्रमिक राशि का वितरण किया। इस कार्यक्रम में वन्य राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार, विधायक भगवान दास सबनानी, अपर मुख्य सचिव




वन अशोक बर्णवाल और वन बल प्रमुख असीम श्रीवास्तव मौजूद रहे। वन मेले में राज्यपाल पटेल और सीएम यादव ने स्टाल्स का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने जनजातीय लोक कलाओं के जुड़े कलाकार दल से मुलाकात की।

**एमपी में औषधीय जड़ी-बूटियों का समृद्ध भंडार:** राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने कहा कि एमपी वन संपदा की दृष्टि से समृद्ध राज्य है। यहां औषधीय जड़ी-बूटियों का समद्ध भंडार है। कोरोना महामारी ने दुनिया को आयुर्वेदिक के महत्व से परिचित कराया है। वन्य राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार ने कहा, 'प्रदेश सरकार ने तेंदूपत्ता संग्राहकों का मनोदय चार हजार रुपये प्रति मानक बोरा कर दिया है।'

**सेहतभरे लड्डू मिल रहे:** अंतरराष्ट्री वन मेले में एक स्टॉल की थीम 'आयुर्वेदिक का स्वाद मिठास के साथ' है। इसके संचालन राहुल जैन और श्रुति ने कहा कि पान के लड्डू के साथ अलसी आटा, ड्रायफ्रूट्स सहित 30 प्रकार के लड्डू, गजक और कुकीज लेकर आए हैं।

### राज्य में वनों की अलग पहचान

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि मेले की शुरुआत 2001 में हुई थी और यह राज्य से आगे बढ़कर देश और फिर वैश्विक हो गया। प्रदेश की वन संपदा विशिष्ट है। उन्होंने कहा, 'हम सौभाग्यशाली है कि हमारे यहां वन संपदा और वनों का आंतरिक वातारण विशेष है'। सीएम ने कहा कि एमपी चीतों को पुनस्थापित करने में सफलता प्राप्त हुई। टाइगर में हम देश में नंबर वन पर है।

### मिलेट के प्रोडेक्ट

वन मेले में युवाओं ने भी स्टॉल लगाए हैं। डायटीशियन पूजा मदान अपनी फ्रेंड के साथ मिलेट के फास्ट फूड में नूडल्स, पास्ता, रेड राइज फ्लेक्स सहित करीब 25 से ज्यादा प्रोडक्ट लेकर आई हैं। वहीं, अन्य स्टॉल में करेली का गुड़, आयुर्वेदिक प्रोडेक्ट और कई तरह की जड़ी-बूटियां मिल रही हैं।

## भोपाल उत्सव मेले में उपहार की बहार सोने चांदी की बरसात

**भोपाल ■ अमृत दर्शन**

दशहरा मैदान टी टी नगर में चल रहे भोपाल उत्सव मेले में मनोरंजन के खजाने के साथ-साथ विभिन्न राज्यों के स्वादिष्ट व्यंजनों की भरमार है। इसी के साथ-साथ यहां आने वाला हर वर्ग खरीदारी के लिए उमड़ रहा है।

जहां एक और हर माल से लेकर हर वर्ग के लिए खरीदी का विशेष आकर्षण मौजूद है। वहीं दूसरी ओर भोपाल उत्सव मेला समिति द्वारा खरीदारों के लिए विशेष उपहार की कूपन व्यवस्था की गई है। जिसमें सोने चांदी के सिक्के के साथ विभिन्न उपहारों की पेशकश है। भोपाल उत्सव मेला समिति के महामंत्री सुनील जैनाविन ने बताया कि प्रत्येक 200रु. की खरीदारी पर एक कूपन ग्राहक को दिया जा रहा है। जिस पर प्रत्येक सोमवार ड्रॉ निकाला जाता है, और 101 पुरस्कार बांटे जाते हैं। जिसमें सोने के आठ सिक्के, चांदी के 10 सिक्के, 83 घरेलू उपकरण प्राप्त होते हैं। सोमवार को निकाले गए ड्रॉ में अफरोज इकबाल वाइफ ऑफ़ डॉअमजद अली को मंच से सोने का सिक्का समिति के अध्यक्ष मनमोहन अग्रवाल, महामंत्री सुनील जैनाविन व अन्य पदाधिकारी द्वारा प्रदान किया गया।

## अनमोल वचन

चरित्रहीन शिक्षा, मानवता विहीन विज्ञान और नैतिकता विहीन व्यापार ख़तरनाक होते हैं।
**सत्यसाई बाबा**

देश का उद्धार विलासियों द्वारा नहीं हो सकता। उसके लिए सच्चा त्यागी होना आवश्यक है।
**प्रेमचंद**

## सम्पादकीय

### घोषित आपातकाल और अघोषित आपातकाल पर संसद में चर्चा

*भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में 1975 का आपातकाल एक काला अध्याय है। जब नागरिकों के मूल संवैधानिक अधिकारों को स्थगित कर दिया गया था। देश की जनता को मौलिक स्वतंत्रताओं से वंचित कर दिया गया। वह दौर घोषित आपातकाल का था। जिसे तत्कालीन सत्ता ने एक कानूनी जामा पहनाया था। घोषित आपातकाल की समयावधि 18 माह की थी। जैसे ही आपातकाल खत्म हुआ, नागरिकों के सारे संवैधानिक अधिकार वापस आ गए थे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तथा सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता, संविधान विशेषज्ञ अभिषेक मनु सिंघवी द्वारा 'अघोषित आपातकाल' पर की गई टिप्पणी वर्तमान परिस्थितियों पर गहरा सवाल उठाया है। उन्होंने इस बात को स्पष्ट किया कि लोकतंत्र में वर्तमान आपातकाल कानूनी तौर पर घोषित नहीं है। सत्ता की विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से अघोषित रूप से नागरिकों के ऊपर थोपा जा रहा है। उनके संवैधानिक मूल अधिकारों को अघोषित रूप से खत्म किया जा रहा है। इसके सबसे बड़े शिकार भाजपा के स्वयं के बड़े नेता लालकृष्ण आडवाणी हैं, जिन्हें राजनीति से बाहर कर दिया गया। उन्होंने ही सबसे पहले अघोषित आपातकाल की बात कही थी। घोषित आपातकाल में 1975 में तत्कालीन सरकार ने देशभर में लोकतांत्रिक संस्थाओं, मीडिया और स्वतंत्र अभिव्यक्ति पर अंकुश लगा दिया था। नागरिक अधिकारों को दिया गया, प्रेस पर सेंसरशिप लागू हुई। संविधान के अनुच्छेद 352 के तहत घोषित आपातकाल जनता के समक्ष एक कानूनी सच्चाई थी। मनु सिंघवी ने कहा कि अघोषित आपातकाल का स्वरूप हमें आज के दौर में दिख रहा है। जहां लोकतांत्रिक अधिकारों को बिना किसी औपचारिक कानूनी प्रावधान के, धीरे-धीरे अघोषित रूप से कमजोर और समाप्त किये जा रहे हैं। मीडिया पर परोक्ष दबाव बनाकर असहमति की आवाज़ को कुचलने के लिए एजेंसियों का गैर संवैधानिक तरीके से इस्तेमाल किया जा रहा है। विरोध प्रदर्शनों को दबाने के लिए कठोर कानूनों का दुरुपयोग, और न्यायिक स्वतंत्रता पर सवाल अघोषित आपातकाल की स्थिति को बता रहे हैं। उन्होंने कहा आज का दौर घोषित आपातकाल से अलग है। इसके प्रभाव उतने ही गंभीर हैं, जैसे घोषित आपातकाल के दौरान थे। उस समय सरकार की संवैधानिक जिम्मेदारी थी। इस समय असंवैधानिक तरीके से सरकार मौखिक आदेश पर संवैधानिक संस्थाओं की स्वायत्तता पर हस्तक्षेप कर उन्हें कमजोर कर रही है। मीडिया का बड़े पैमाने पर पक्षपाती रवैया लोकतंत्र की सेहत के लिए खतरा बन गया है। सिंघवी का यह आरोप था, सत्ता के संरक्षण में भय का माहौल बनाया गया है, जो घोषित आपातकाल से भी ज्यादा खतरनाक और चिंताजनक है। मनु सिंघवी ने राज्यसभा में कहा, लोकतंत्र की रक्षा के लिए, लोकतंत्र की सफलता के लिए, स्वतंत्र अभिव्यक्ति, मजबूत संवैधानिक संस्थाओं और नागरिक के मौलिक अधिकारों पर टिकी होती है। चाहे घोषित आपातकाल हो या अघोषित आपातकाल हो, दोनों ही लोकतंत्र की नींव को कमजोर करते हैं। संविधान को बचाने के लिए सभी पक्षों को आगे आकर लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करनी होगी। नागरिक समाज, मीडिया और राजनीतिक नेतृत्व को यह सुनिश्चित करना होगा। सत्ता के वर्तमान दौर का लोकतंत्र अघोषित आपातकाल की छाया में नागरिक अधिकारों के लिए सबसे बड़ा खतरा है। लोकतंत्र में मौन रहना भी एक तरह का आपातकाल है। इसे समाप्त करने के लिए डर और भय का माहौल खत्म करना होगा। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता होनी चाहिए। मीडिया का बड़े पैमाने पर पक्षपाती रवैया लोकतंत्र की सेहत के लिए खतरा बन गया है। सिंघवी का यह आरोप था, सत्ता के संरक्षण में भय का माहौल बनाया गया है, जो घोषित आपातकाल से भी ज्यादा खतरनाक और चिंताजनक है। मनु सिंघवी ने राज्यसभा में कहा, लोकतंत्र की रक्षा के लिए, लोकतंत्र की सफलता के लिए, स्वतंत्र अभिव्यक्ति, मजबूत संवैधानिक संस्थाओं और नागरिक के मौलिक अधिकारों पर टिकी होती है। संवैधानिक संस्थाओं को मजबूत होना चाहिए। उनके द्वारा राज्यपाल और राज्य सरकारों के बीच राज्यपाल को सर्वोपरि बनाने की कोशिश की गई है। उस पर भी कटाक्ष करते हुए अघोषित आपातकाल को समाप्त करने की बात कही। पिछले 10 वर्ष के दौरान अघोषित आपातकाल में जो हो रहा है, उसे उन्होंने घोषित आपातकाल से भी ज्यादा खराब बताया। संविधान को लेकर लोकसभा और राज्यसभा में जो चर्चा हो रही है। पहली बार संविधान की व्याख्या को लेकर पक्ष और विपक्ष जिस तरह से आपकी बात कह रहे हैं, यह लोकतंत्र के लिए एक अच्छा अवसर है। पक्ष और विपक्ष की इस चर्चा के बाद लोकतंत्र मजबूत हो। संविधान सुरक्षित रहे, नागरिकों के मौलिक अधिकार जो संविधान ने दिए हैं, वह पूर्ण रूप से सुरक्षित रहें। यदि ऐसा हो पाया, तो 75 वर्ष के संविधान की यह यात्रा सुखद मानी जाएगी। अभी जिस तरह का वातावरण देखने को मिल रहा है। निश्चित रूप से लोकसभा और राज्यसभा की इस बहस के बाद सत्ता पक्ष और विपक्ष अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन सही तरीके से कर पाएगा। यह आशा की जा सकती है।*

## लघु कथा

### दान को भी दान

नई बहु नें सास से कहा बाई( हमारे देश के कुछ हिस्सों में मां को बाई भी कहा जाता है) इतने सारे जेवर मैं सम्हाल नहीं पाऊंगी आपके पास रख लिजिये। वार- त्यौहार जब पहनना होगा तब मैं, आपसे लेकर पहन लूंगी। सास नें बिना सांस लिये छूटते ही कहा। बहु हमने तुम्हें शादी में यह गहने दान दिये हैं और दान दी हुई चीज को हम वापस नहीं लेते हैं। बहु नें मायके में यह तो सुना था कि बेटी को दान दहेज देते हैं। लेकिन ससुराल में यह सुन वह अवाक रह गई की हमने यह गहने तुम्हें दान दिये हैं। उसे तो लगा था यह गहने उसे उपहार में मिले हैं। आज उसे दान (डोनेशन)और उपहार (गिफ्ट) में अंतर स्पष्ट समझ में आ गया था और उसे यह भी समझ में आ गया था कि बेटी को दान नहीं, बेटी को तो दान कर देने की प्रथा ही कन्या दान है। बहु सोच रही है, जब जीती जागती हंसती खेलती बेटी को लोग कन्या दान बोलकर दान दे देते हैं। तब मुझे बुरा नहीं लगा जब मेरे माता पिता नें कन्या दान के नाम पर बेटी का दान कर दिया। हो सकता है माता-पिता के लिये दान दहेज,दान और उपहार हो और सास नें दान में मिली हुई किसी की बेटी जो अब उनकी बहु है, ऐसे दान को गहने दान दे रहीं हैं। अर्थात् दान को भी दान यह बात भी खूब रही। काश सास कह देतीं की बहु हमने तुम्हें शादी में गहने चढ़ाये हैं, तो कम से कम देवी वाली फीलिंग (भावना) तो आती। क्यों की चढ़ावा तो देवी को ही चढ़ाया जाता है। सोचा सासु मां को बोल दूं मिले हुए दान (कन्या दान) को, दान दे रही हैं। लेकिन रुंधे हुए गले नें और विदा होते समय मां के द्वारा दी गई सीख बेटा ससुराल में जवाब मत देना और ससुराल में अपने पिता के सम्मान का ध्यान रखना। इन्हीं बातों नें बहु के होंठ सिल दिये।



**श्रीमती रमा निगम**
**वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार**

# अल्पसंख्यक के नाम पर राजनीति ज्यादा खतरनाक

*यह थीम इस बात पर ज़ोर देती है कि अल्पसंख्यक के अधिकार सिर्फ़ आकांक्षाएं नहीं हैं, बल्कि बेहतर भविष्य के लिए लोगों और समुदायों को सशक्त बनाने का एक व्यावहारिक तरीका भी हैं। संयुक्त राष्ट्र ने अल्पसंख्यकों की परिभाषा दी है कि ऐसा समुदाय जिसका सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक रूप से कोई प्रभाव न हो और जिसकी आबादी नगण्य हो, उसे अल्पसंख्यक कहा जाएगा।*

**ललित गर्ग**

अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पहली बार 18 दिसंबर 1992 को संयुक्त राष्ट्र द्वारा अल्पसंख्यक समुदायों के अधिकारों की रक्षा, राष्ट्र निर्माण में योगदान के रूप में चिन्हित कर अल्पसंख्यकों के क्षेत्र विशेष में ही उनकी भाषा, जाति, धर्म, संस्कृति, परंपरा आदि की सुरक्षा को सुनिश्चित करने एवं समाज को जागृत करने हेतु मनाया जाता है। इस साल थीम 'विविधता और समावेश का जश्न मनाना' है। इसका उद्देश्य भारत के अल्पसंख्यकों की समावेशिता और विविधता को बढ़ावा देना है। यह थीम इस बात पर ज़ोर देती है कि अल्पसंख्यक के अधिकार सिर्फ़ आकांक्षाएं नहीं हैं, बल्कि बेहतर भविष्य के लिए लोगों और समुदायों को सशक्त बनाने का एक व्यावहारिक तरीका भी हैं। संयुक्त राष्ट्र ने अल्पसंख्यकों की परिभाषा दी है कि ऐसा समुदाय जिसका सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक रूप से कोई प्रभाव न हो और जिसकी आबादी नगण्य हो, उसे अल्पसंख्यक कहा जाएगा। भारत में, इस दिन राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग (एनसीएम) द्वारा राष्ट्रीय अल्पसंख्यक अधिकार दिवस व्यापक स्तर पर मनाया जाता है। यह दिवस राष्ट्रीय या जातीय, धार्मिक और भाषाई अल्पसंख्यकों से संबंधित व्यक्तियों के अधिकारों की घोषणा को जीवंतता प्रदान करने का दिवस है। भारत में केंद्र सरकार अल्पसंख्यकों के गैर-भेदभाव और समानता के अधिकारों की गारंटी के प्रयास सुनिश्चित करने के लिये प्रतिबद्ध है। इस दिन, देश के अल्पसंख्यक समुदायों के सामने आने वाली चुनौतियों और मुद्दों पर ध्यान खींचा जाता है। लोग धार्मिक, सांस्कृतिक, भाषाई और जातीय अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा करने की बात करते हैं। भारत 'लोकतंत्र की जननी' कहलाता है, यहां के लोकतंत्र को खुबसूरती प्रदान करने के लिये भारत का संविधान सभी नागरिकों को समान अधिकार प्रदान करता है और भाषाई, जातीय, सांस्कृतिक और धार्मिक अल्पसंख्यकों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए कई उपक्रम एवं प्रयोग करता है। सरकार उन लोगों का गंभीरता एवं समानता से ख्याल रखती है जो अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति के लोगों सहित उनकी जाति, संस्कृति और समुदाय के बावजूद आर्थिक या सामाजिक रूप से वंचित लोग हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि प्रत्येक राष्ट्र में अलग-अलग जातीय, भाषाई और धार्मिक अल्पसंख्यक समूह होते हैं। भारत में अनेक अल्पसंख्यक समुदाय है। आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, दिल्ली, झारखंड, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, मणिपुर, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसे विभिन्न राज्यों ने अपने-अपने राज्यों में राज्य अल्पसंख्यक आयोग की स्थापना की, जो संविधान और संसद और राज्य विधानमंडलों द्वारा अधिनियमित कानूनों में दिए गए अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा और संरक्षण करते हैं। अल्पसंख्यक अधिकार दिवस अल्पसंख्यकों के खिलाफ सभी प्रकार के भेदभाव को खत्म करने के मकसद से मनाया जाता है। हालांकि, कानूनी रूप से भारत के संविधान में अल्पसंख्यक की कोई स्पष्ट परिभाषा नहीं है लेकिन अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा के लिए संविधान के कई प्रावधान अनुच्छेद 29, 30 आदि हैं। अल्पसंख्यक शब्द अल्प और संख्यक दो शब्दों से बना है। जिसका मतलब दूसरों की तुलना में कम संख्या होना है। भारत में अल्पसंख्यकों में मुस्लिम, ईसाई, सिख, बौद्ध, जैन और पारसी शामिल हैं। जरूरत है कि अल्पसंख्यकों को नहीं बांटें और सत्य को नहीं ढकें।




लोकतंत्र भारत की आत्मा है और उसकी रगों में लोकतंत्र रचा-बसा है। यहां सभी को समानता से जीने का अधिकार है, जाति, पंथ एवं धर्म के आधार पर किसी के साथ भेदभाव का कोई सवाल ही नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के कल्याण एवं अधिकारों पर बल दिया है तभी उनकी सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के सिद्धांत पर चलती है। अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव के आरोप पर मोदी ने कहा कि भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों में धर्म, जाति, उम्र या भू-भाग के आधार पर कोई भेदभाव नहीं है। हमारी सरकार लोकतंत्र के मूल्यों के आधार पर बने संविधान के आधार पर चलती है तो पक्षपात का कोई सवाल ही नहीं उठता है। 'सबका' शब्द में सभी अल्पसंख्यक वर्ग को सम्मिलित करने का भाव है, मोदी सरकार ने अपने नए नारे के साथ ये एहसास दिलाने का प्रयास किया है कि अल्पसंख्यक समुदाय का भी विश्वास अर्जित करने के भरपूर प्रयास किए जा रहे हैं। तीन तलाक के विरुद्ध कानून लाकर अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओं को बहुसंख्यक समाज के महिला के बराबर बताने की कोशिश ऐसा ही प्रयास है।

भारत की माटी ने 'वसुधैव कुटुम्बकम' का उद्घोष करके सभी प्राणियों के सुखी एवं समृद्ध होने की कामना की है। यहां अल्पसंख्यकों के साथ इसी उद्घोष की भांति उदात्तता बरती जाती है। महात्मा गांधी ने कहा भी है कि किसी राष्ट्र की महानता इस बात से मापी जाती है कि वह अपने सबसे कमजोर नागरिकों के साथ कैसा व्यवहार करता है।' इस दृष्टि से आजादी के बाद की सभी सरकारों ने अल्पसंख्यकों के साथ उदात्त एवं कल्याणकारी दृष्टिकोण अपनाया है। लेकिन कुछ राजनीतिक दलों ने अपने स्वार्थों के लिये अल्पसंख्यकों को गुमराह किया है, साम्प्रदायिक उन्माद पैदा किया है। जिससे भारत के लोकतंत्र पर लाल और काले धब्बे लगते गये हैं। इन्हीं संकीर्ण एवं साम्प्रदायिकता की राजनीति करने वाले दलों ने अल्पसंख्यकों के कल्याण की बजाय उनको वोट बैंक मानकर उनके वास्तविक अधिकारों की अनदेखी की है। ऐसे राजनेताओं ने अल्पसंख्यकों का जीवन खतरे में है, कहकर उन्हें उकसाया है, राष्ट्र की मूलधारा से अलग-थलग करने की कोशिश की है, लेकिन मोदी सरकार ने अल्पसंख्यकों के कल्याण की अनेक बहुआयामी योजनाओं एवं नीतियों को लागू कर इन तथाकथित नेताओं की जुबान पर ताला लगा दिया है। सच कहा जाये तो देश में अल्पसंख्यक खतरे में नहीं हैं, अल्पसंख्यकों के नाम पर राजनीति करने वाले खतरे में हैं। भारत विविध संस्कृतियों और समुदायों का देश है, यही इसका सौन्दर्य है।

# नीतीश कुमार की यात्रा समाधान या सियासत, पर्दा उठ गया..!

*इन सभी सवालों का जवाब खोजा जा रहा था इसी बीच नीतीश कुमार ने अपनी पंद्रहवीं महिला संवाद यात्रा स्थगित कर दी. अब इस बात को लेकर राजनीतिक गलियारें एयर मिडिया जगत में अलग अलग क्यास और संभावनाओं पर चर्चा छोड़ गई है. 2023 में नीतीश कुमार ने बिहार में अंतिम यात्रा समाधान यात्रा किया था. 5 जनवरी 23 को नीतीश ने पश्चिमी चंपारण जिले से शुरू किया था, जो पटना में खत्म हुई. इस दौरान सीएम ने 28 दिन तक राज्य के विभिन्न जिलों का दौरा किया और विकास कार्यों का जायजा लिया था।*

**श्रीराम सिंह**

ज़ब नीतीश केबिनेट ने 225 करोड़ राशि मुख्यमंत्री के महिला संवाद यात्रा के लिए स्वीकृत किया तब से ये डिबेट शुरू हो गई की इन यात्राओं से किसे क्या मिलेगा. इस यात्रा के पहले भी नीतीश कुमार 14 यात्राएं कर चुके हैं. उनका लोगों के जीवनस्तर पर कितना असर हुआ. इन सभी सवालों का जवाब खोजा जा रहा था इसी बीच नीतीश कुमार ने अपनी पंद्रहवीं यात्रा महिला संवाद यात्रा स्थगित कर दी. अब इस बात को लेकर राजनीतिक गलियारें एयर मिडिया जगत में अलग अलग क्यास और संभावनाओं पर चर्चा छोड़ गई है. 2023 में नीतीश कुमार ने बिहार में अंतिम यात्रा समाधान यात्रा किया था. 5 जनवरी 23 को नीतीश ने पश्चिमी चंपारण जिले से शुरू किया था, जो पटना में खत्म हुई. इस दौरान सीएम ने 28 दिन तक राज्य के विभिन्न जिलों का दौरा किया और विकास कार्यों का जायजा लिया था. नीतीश की इस यात्रा से जेडीयू कार्यकर्ताओं का जोश आया तो वहीँ महागठबंधन में भी उत्साह बढ़ा. सीएम नीतीश कुमार जहां-जहां गए, वहां जेडीयू नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नीतीश के 2024 लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री का दावेदार बनने के लिए नारे लगाए और पूरा माहौल बना दिया था. हालांकि, सीएम खुद को पीएम कैंडिडेट मानने से बचने की कोशिश करते दिखे थे. लेकिन जैसे ही नीतीश कुमार ने अपनी पंद्रहवीं यात्रा महिला संवाद का घोषणा किया. पिछली यात्राओं के नफा नुकसान पर डिबेट होने लगा है. आइये जानते हैं नीतीश कुमार की समाधान यात्रा से बिहार की जनता, महागठबंधन, जदयू, भाजपा, एनडीए किसे कितना लाभ हुआ और 2024 के चुनाव में जेडीयू, महागठबंधन, भाजपा या एनडीए को कितना फायदा हुआ. सीएम नीतीश कुमार 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले देशभर के विपक्षी दलों को एकजुट करने में लगे रहे. कई राज्यों का दौरान किए और गैरभाजपा दलों को एक छत के निचे लाने में सफल रहे. वही इसके ठीक विपरीत यात्रा पर जेडीयू नेताओं का कहते रहे कि समाधान यात्रा का 2024 चुनाव से कोई लेना-देना नहीं है. मगर इस यात्रा से पार्टी ने नीतीश कुमार की छवि को सुधारने की कोशिश की. कुछ महीने पहले ही जेडीयू ने बीजेपी का साथ छोड़कर आरजेडी-कांग्रेस और अन्य दलों के साथ सरकार बनाया था. उसके बाद फिर से कानून व्यवस्था, शराबबंदी समेत अन्य मुद्दों पर सवाल उठने लगे थे. भाजपा लगातार बिहार में जंगलराज की वापसी के आरोप लगा रही थी. हलांकी कुछ महीने राजद के साथ सरकार चलाने के बाद छवि बदलने और लोगों को भरोसा दिलाने के लिए ही प्लान किया गया समाधान यात्रा निकालने का. जेडीयू कुछ हद तक इस अभियान में सफल भी हुई. वहीं इसका लोकसभा चुनाव में भी जबरदस्त फायदा हुआ. नीतीश ठीक एक साल के बाद फिर से एनडीए के साथ चले गए. हालांकी उससे ोहले नीतीश कुमार ने एक सफल रणनीति का बीजारोपण जरूर कर दिया था जो इंडिया गठबंधन का रूप लिया. जिस अभियान में कई नेताओं ने प्रयास करने के बाद थक हार कर उम्मीद छोड़ दिया था उसे नीतीश ने सच कर के दिखाया. नीतीश कीमार की समाधान यात्रा से जनता को कितना फायदा हुआ इस बात से ज्यादा चर्चा यात्रा मे जुटने वाली भीड़ और उसमें बड़ी संख्या में महिलाओं की उजस्थिति की थी. क्योकि इस भीड़ में नीतीश कुमार और जदयू के भविष्य को स्थायित्व देने वाला वोट दिख रहा था. हर जगह महिलाओं की लंबी क़तार और दीवारों पर जीविका योजना के बैनर और पोस्टर बता रहे थे कि नीतीश कुमार के लिए यह योजना काफ़ी अहम है. जीविका योजना के तहत बिहार के ग्रामीण इलाक़ों में मूल रूप से सेल्फ़ हेल्प ग्रुप बनाकर नीतीश ने महिलाओं के आर्थिक विकास के लिए सफल प्रयास किया. इस तरह से नीतीश कुमार जीविका दीदियों से मिलने वाले फ़ीडबैक को ख़ासा महत्व देते रहे हैं. बिहार में जीविका योजना से क़रीब डेढ़ करोड़ महिलाएं जुड़ी हुई हैं. यानि नीतीश कुमार ने होने लिए सबसे मजबूत और सुलझे हुए वोट बैंक का इंतजाम कर लिया है. यही कारण है की पूरी राजनीति इधर से उधर हो जाए और नीतीश कुमार का 15 प्रतिशत वोट टस से मस नहीं होता है. बिहार के ग्रामीण क्षेत्र में देखा गया है कि महिलाओं के ज़रिए योजना चलाने से हर परिवार तक ज़्यादा से ज्यादा पहुंच आसानी से हो जाता है. बिहार के ग्रामीण इलाक़े में इसका बहुत असर भी हुआ है. महिलाएं न केवल आर्थिक मोर्चे पर आगे बढ़ रही हैं, बल्कि जीविका के ज़रिए दहेज प्रथा, शिक्षा और बाक़ी कई अहम मुद्दों पर सीधा संवाद से सफलतापूर्वक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है. हर नीति और रणनीति की सफलता को नीतीश कुमार महिलाओं के माध्यम से आसानी से सफल कर लेते हैं. यात्रा के दौरान हाथों में बैनर और पोस्टर लिए महिलाएं शराब का विरोध और शराबबंदी का समर्थन करती नज़र आती हैं. तो वहीं गाना बजाना, नृत्य और नाटक के माध्यम से नीतीश कुमार की नीतियों का मंचन कर उसे सहजता से समझाने में भी सहयोग करती हैं. महिलाएं खुल कर स्वीकार करती हैं, पहले हम घर में बंद थे. बाहर नहीं निकलते थे. कोई हमारी क़द्र भी नहीं करता था. अब हम ग्रुप से जुड़ कर काम करती हैं. हमारा सम्मान बढ़ा है और आत्मनिर्भर भी हुए हैं. महिलाओं का कहना है, नीतीश कुमार ने महिलाओ के लिए बहुत कुछ किया है. विकास के लिए महिलाओं का साथ बहुत ज़रूरी है. महिलाओं को नीतीश जी के राज में बहुत सम्मान मिला है।

### एटीएम कार्ड बदलकर लोगों को लूटते नटवर लाल जिम्मेवार कौन

**नरेन्द्र भारती**

देश में महानगरों से लेकर गांव तक एटीएम मशीनें स्थापित करके राष्ट्रीयकृत बैंकों ने ग्राहकों को सुविधा प्रदान की है मगर एटीएम मशीनों का प्रयोग करने में असमर्थ अनपढ महिलाओं, लोगों व ग्राहकों के लिए यह असुविधा बन गई हैक्योकि नटवरलाल इसी का फायदा उठाकर एटीएम कार्ड बदलकर लोगों को शिकार बना रहे हैं द्य एक समाचार के अनुसार ताज़ा मामला ऊना में घटित हुआ है जहाँ दौलतपुर चौक में एक ए टी एम में महिला का कार्ड बदलकर धोखे से 35000 हजार रूपये निकाल दिए पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है ।सरकार को इन मामलों पर संज्ञान लेना होगा ऐसे गिरोह का खत्मा करना होगा जो लोगों के पैसों को लूट रहे है ।सर्तकता से ही इन मामलों को रोका जा सकता है। क्योकि नटवरलाल इसी का फायदा उठाकर एटीएम कार्ड बदल हिमाचल प्रदेश में एटीएम कार्ड बदलकर लोगों को ठगने के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे यदि बैक के अधिकारी सख्त कार्रवाई करे तो इन वारदातों पर रोक लग सकती है। प्रतिदिन प्रदेश में ऐसे मामले घटित हो रह है ।एटीएम गिरोह के लोग कई गरीब लोगों की खून पसीने की कमाई को लूट रहे हैं ।बैंक वाले भी इन वारदातों को रोकने में असहाय नजर आ रहे है। अक्सर देखा गया है कि एटीएम मशीनों में पैसा निकालने वालों की हर समय भीड जीम रहती है वहां न तो कोई सुरक्षा कर्मचारी होता है ओर न ही बैंक के कर्मचारी होतें है। जबकि कानून के अनुसार वहां सुरक्षा कर्मचारी होना चाहिए ।एटीएम बदलकर ठगने की वरदातें रुकने का नाम नहीं ले रही है ।सर्तकता से ही इन मामलों को रोका जा सकता है। क्योकि नटवरलाल इसी का फायदा उठाकर एटीएम कार्ड बदल कर लोगों को लूट कर लाखों का चूना लगा रहें हैं। हिमाचल में सैंकड़ों मामले घटित हो चूके है मगर बैंक प्रशासन व पुलिस मूकदर्शक बनकर तमाशा देख रहे है। प्रतिदिन प्रदेश में ऐसे मामले घटित होते जा रहे है मगर आज तक कोई पकड़ मे नहीं आ सका है ।2018 के फरवरी माह में उना के भटोली व मरवाडी में ठगी के दो मामलों में ठगों ने महिलाओं के एटीएम कार्ड बदल कर 2 लाख रुपये उडा लिए थे। अंब में एक फौजी का कार्ड बदल कर खाते से 2 लाख रुपये उडा लिए थे। जोगिन्द्र नगर में भी एसे ही मामले घटित हुए थे। प्रदेश में बडे पैमाने पर ऐसी वारदातें हो रही है मगर आज तक कोई पकड़ में नहीं आ सका है ।प्रदेश में काफी समय से ऐसे गिरोह लोगों का पैसा लूट रहे है इन पर शिकंजा कसना होगा ताकि ऐसी वारदातों पर रोक लग सके। इसे पुलिस की अर्कमणयता की संज्ञा दी जाए तो कोई आतिश्योक्ति नहीं होगी ।इन घटनाओं में बैंक के अधिकारियों की लापरवाही भी देखने को मिल रही है। कुछ वर्ष पहले जिला मण्डी के रिवालसर व नेरचैक में एक शातिर युवक ने ने एक युवती व युवक के एटीएम कार्ड बदलकर 60 हजार रुपये निकाल लिए थे ।इस वारदात से पहले 15 अप्रैल 2015 को जिला ऊना के खानपुर में एक शातिर युवक ने उसकी मदद की एवज में उसका एटीएम कार्ड बदल दिया बाद में शातिरों ने उसके खाते से 65 हजार रुपये निकाल दिये जब पैसे निकाले जाने का संदेश आया तब उसे शातिरों द्वारा पैसे उड़ाने का पता चला। बीते वर्षों में सोलन के सुल्तानपुर के रहने वाले एक व्यक्ति का एटीएम कार्ड बदलकर शातिरों ने 23,530 रूपये निकाल लिए थें ।जब यह व्यक्ति एटीएम से पैसे निकालने लगा तो पैसे निकालते समय कुछ तकनीकी खराबी आ रही थी उसने अपना एटीएम कार्ड पास खडे एक व्यक्ति को देकर कहा कि मेंरे खाते से दो हजार रूपये निकाल दो उसने दो हजार निकाल दिये।

## खास बात

### आसंदी की गरिमा तार तार- लोकतंत्र बनाम राजतंत्र

लोकसभा और राज्यसभा में जिस तरह से आसंदी, सरकार के पक्ष में रहकर उन्हीं मामलों की चर्चा कराना चाहती है. जिन पर सरकार की सहमति होती है. विपक्ष को पूरी तरह से पिछले 10 वर्षों से उपेक्षित किया जा रहा था. कुछ ही मिनट की चर्चा के बाद महत्वपूर्ण बिलों को पास कर दिया जाता था. पिछले 10 वर्ष में सदन में कोई नेता प्रतिपक्ष भी नहीं था. जिसके कारण आसंदी की सहायता से सरकार निरंकुश होती जा रही थी. विपक्ष के किसी भी सवाल को सदन में उठने नहीं दिया जाता था. नाही विपक्ष के सवाल का जवाब सरकार देती थी. सदन में सरकार विपक्ष के मामलों की चर्चा नही होने देती थी.अब स्थिति बदल गई है, भाजपा को पूर्ण बहुमत नहीं है. एनडीए की जोड़-तोड़ की केंद्र में सरकार है. वहीं विपक्ष पहले की तुलना में कई गुना ज्यादा मजबूत है. ऐसी स्थिति में विपक्ष आक्रामक हो गया है. आसंदी को पक्ष और विपक्ष के बीच में सेतु बनाने का जो काम करना चाहिए. वह काम आसंदी नहीं कर रही है. जिसके कारण पक्ष और विपक्ष के बीच में जिस तरह का तनाव है. उसके कारण विपक्ष के निशाने पर आसंदी आ गई है. भारतीय संविधान में संसद सर्वोपरि है. सरकार सर्वोपरि नहीं है. लोकतंत्र की यह परंपरा कायम रहेगी या बहुमत के आधार पर राजतंत्र का प्रतीक बनेगी. इसको लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं.कोरिया के राष्ट्रपति को वहां की संसद ने महाभियोग लगाकर हटा दिया है. यही संसद की ताकत है.

### अडानी ने इंडिया के सहयोगी दलों को कांग्रेस के खिलाफ खड़ा किया?

स्वतंत्रता की लड़ाई कांग्रेस ने लड़ी थी. अंग्रेजों से भारत को स्वतंत्रता दिलाई. संविधान बनाने में कांग्रेस का महत्वपूर्ण योगदान था. संविधान ने आम आदमी को अधिकार संपन्न बनाकर सरकारों का भाग्य विधाता बनाया. संविधान को बचाने का दायित्व कांग्रेस का है. कांग्रेस के वोट बैंक पर क्षेत्रीय दल सत्ता में आए.विपक्षी दल सत्ता के होकर रह गए.राहुल गांधी वर्तमान सत्ता के खिलाफ लड़ रहे हैं. वर्तमान सत्ता द्वारा, अदानी को जिस तरीके से पाला पोसा जा रहा है. इसका विरोध गांधी परिवार के राहुल गांधी कर रहे हैं. संविधान को बचाने के लिए जो लड़ाई विपक्ष को एकजुट होकर लड़नी थी. ऐसे समय पर अदानी के मामले में इंडिया समूह के सहयोगी दल कांग्रेस के खिलाफ खड़े हो गए. हों भी क्यों ना, अदानी चंदा जो देता है, राहुल गांधी तो चंदा देते नहीं है. कांग्रेस मजबूत होगी, तो क्षेत्रीय दल कमजोर होंगे. यह क्षेत्रीय दलों का भय है. इस भय पर अदानी का फार्मूला चला. इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों को भारी भरकम चंदा दिया.

### संसद में विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव का भी कोई मतलब नहीं

संसद में विपक्षी दलों द्वारा जिन विषयों में चर्चा कराने की मांग की जाती है. सरकार उन मामलों में चर्चा नहीं करना चाहती है. आसंदी में बैठे हुए लोकसभा के अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति भी सरकार के साथ खड़े होते हैं. विपक्ष की किसी भी मांग पर चर्चा हो ऐसा पिछले 11 सालों में दिखा नहीं है. राज्यसभा के सभापति के खिलाफ विपक्ष ने अविश्वास प्रस्ताव पेश किया है. उस पर चर्चा होगी,या नहीं, कहना मुश्किल है. सरकार और आसंदी में नैतिकता नहीं है. संसदीय परंपराओं का अब कोई मतलब नहीं है. आसंदी सरकार के नियंत्रण में है. 20 दिसंबर को सत्र समाप्त हो जाएगा. इसके साथ ही अविश्वास प्रस्ताव की वैधता समाप्त हो जाएगी. विपक्ष सदन के अंदर चीखता- चिल्लाता रहता है।

## राशिफल

शुभ संवत 2081, शाके 1946, सौम्य गोष्ठ, पौष कृष्ण पक्ष, हेमंत ऋतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पश्चिम तिथि तीज बुधवासरे 12/28 पुष्य नक्षत्रे 50/40 रात्रि 2/59 ऐग योगे 38/13 विवकरणे 12/28 कर्क की चंद्रमा भद्रा 12.28 कर्क की चंद्रमा, भद्रा 12/28 श्री गणेश चौथ व्रत चंद्रोदय 8/10 मूल प्रारंभ रात्रि 2.59 तथापि उत्तर दिशा की यात्रा शुभ उत्तम होगी।

**आज जन्म लिए बालक का फल:** आज जन्म लिया बालक योग्य बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल, स्वाभिमानी, कुशलवक्ता तथा शासक, प्रशासक, बैंक कर्मचारी, केशियर एकाउंटेंट, लेखापाल तथा बैंक का मैनेजर व प्रबंधक होगा तथा कम्प्यूटर, इंजी, प्रोफेसर एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर होगा।

**मेष राशि**- मन में अशांति, किसी परेशानी से बचिए, कुटुम्ब की समस्याएं सुलझ जाएगी।

**वृष राशि**- संवेदनशील होने से बचिएगा, नहीं तो अपने किए पर पछताना ही पड़ेगा, ध्यान रखे।

**मिथुन राशि**- मानसिक कार्य में सफलता, सहयोग तथा संतोष होगा धन लाभ होगा, बिगड़े कार्य बनेंगे।

**कर्क राशि**- विरोधियों का समर्थन फलप्रद होगा तथा शुभ कार्य के योग अवश्य ही बन जाएगा।

**सिंह राशि**- व्यवसायिक क्षमता अनुकूल रहे, स्थिति पूर्ण नियंत्रण पर बनी ही रहेगी, ध्यान रखे।

**कन्या राशि**- सामाजिक कार्यो में प्रभुत्व प्रतिष्ठा वृद्धि होगी, धन लाभ आशानुकूल सफलता से हर्ष होगा।

**तुला राशि**- अधिकारी वर्ग से विशेष समर्थन फल प्राप्त होवे तथा रुके कार्य अवश्य ही बन जाएगे।

**वृश्चिक राशि**- धन लाभ, कार्य कुशलता से संतोष होगा, पराक्रम एवं समृद्धि के योग बन जाएगे।

**धनु राशि**- स्त्री शरीर चिन्ता, विवाद ग्रस्त होने से बचिएगा, रुके कार्य बनने के योग बनेंगे।

**मकर राशि**- मनोबल उत्साहवर्धक हो, दैनिक कार्य गति में सफलता अवश्य प्राप्त होगी।

**कुंभ राशि**- कार्य व्यवसाय में उत्तेजना, धन का व्यय तथा शक्ति निश्फल अवश्य होगी।

**मीन राशि**- अधिकारी वर्ग का समर्थन फलप्रद होवे, सामाजिक कार्य में प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**पीएल गौतमाचार्य**

## दैनिक पंचांग

**18 दिसम्बर 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | धनु में | धनु | 06.25 बजे से |
| चंद्र | कर्क में | मकर | 08.34 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कुंभ | 10.20 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | मीन | 11.53 बजे से |
| गुरु | वृष में | मेष | 13.24 बजे से |
| शुक्र | मकर में | वृष | 15.04 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मिथुन | 17.02 बजे से |
| राहु | मीन में | कर्क | 19.15 बजे से |
| केतु | कन्या में | सिंह | 21.31 बजे से |
| **राहुकाल** | | कन्या | 23.43 बजे से |
| 12.00 से 1.30 | | तुला | 01.54 बजे से |
| बजे तक | | वृश्चिक | 04.09 ब.से |

**बुधवार** 2024 वर्ष का 353 वां दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** हेमन्त। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** पौष (दक्षिण भारत में मृगशीर्ष) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** तृतीया 10.07 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** पुष्य 00.59 बजे रात्र को समाप्त। **योग** इन्द्र 19.34 बजे को समाप्त। **करण** विष्टि 10.07 बजे तदनन्तर बव 21.59 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 16.7 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 23° 24' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872197 **जूलियन दिन** 2460662.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** जमादि उस्सानी **तारीख** 15 **विशेष** गणेश चतुर्थी व्रत, महाराज छत्रसाल परमधाम वास दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से | 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से | 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से | 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से | 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से | 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से | 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से | 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से | 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से | 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से | 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से | 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore



# मोटापे की कट्टर दुशमन है दलिया

दलिया का सेवन स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद होता है। विटामिन और प्रोटीन से भरपूर दलिया खाने से न केवल वजन कम होता है बल्कि आप कई बीमारियों से दूर रहेंगे। बता दें, मोटे अनाज के दानेदार चूरे को दलिया कहते हैं। इसमें मौजूद पोषक तत्व लो कैलोरी, फाइबर, कैल्शियम, मैग्नीशियम, फास्फोरस, थायमिन, फोलेट, पोटेशियम, कार्बोहाइड्रेट, जिंक, मिनरल्स, विटामिन और आयरन हेल्दी और स्वस्थ बनाते हैं। अगर आप अपनी डाइट में सिर्फ एक कटोरी दलिया का सेवन करते हैं तो इससे आपकी सेहत को क्या क्या फायदे हो सकते हैं चलिए हम आपको बताते हैं–

दलिया खाने से ये बीमारियां रहेंगे कोसों दूर-

सेहतमंद दिल- दलिया में मौजूद फाइबर, प्रोटीन, और एंटीऑक्सीडेंट दिल की सेहत के लिए फायदेमंद हैं। दलिया कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने में मदद करता है जिससे हार्ट डिजीज का रिस्क काफी कम हो जाता है।

वजन होगा कम- अगर वजन तेजी से बढ़ रहा है तो डाइट में दलिया ज़रूर शामिल करें। दलिया फाइबर से भरपूर होता है और वजन को कम करने में मदद करता है। इसके सेवन से लंबे समय तक भूख नहीं लगती है।

डायबिटीज कंट्रोल- दलिया में लो ग्लाइसेमिक इंडेक्स पाया जाता है जो डायबिटीज के मरीजों के लिए बेहद फायदेमंद है। इसका सेवन ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में मदद करता है।

पाचन होता है बेहतर- दलिया पाचन को सुधारने में मदद कर सकता है क्योंकि ये कब्ज को कम करने में मदद करता है और आपके पेट में सारे पोषण को अच्छी तरह से सोख लेता है।

कोलेस्ट्रॉल होगा कम- दलिया में मौजूद फाइबर बैड कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने में बेहद असरदार है। दलिया कोलेस्ट्रॉल को कम करके दिल से जुड़ी बीमारियों के खतरे को भी कम करता है।

दलिया खाने का सही समय-

दलिया सुबह और शाम के नाश्ते में खाना चाहिए। सुबह के समय दलिया खाने से दिनभर ऊर्जावान महसूस करेंगे साथ ही शाम के समय नाश्ते में दलिया खाने से आपको रात के समय ज़्यादा भूख नहीं लगेगी।



# क्या बुढ़ापे से जवानी और फिर बचपन में लौट सकता है इंसान?

## जानिए रिवर्स एजिंग क्या है

हम सभी उम्र बढ़ने की प्रक्रिया से गुजरते हैं। जैसे-जैसे हम बड़े होते हैं, हमारी त्वचा ढीली पड़ने लगती है, बाल सफेद हो जाते हैं, और शारीरिक क्षमता भी कम होने लगती है। लेकिन क्या आपने कभी सुना है कि वैज्ञानिक अब बुढ़ापे की प्रक्रिया को उलटने के तरीके खोज रहे हैं? जी हां, रिवर्स एजिंग का मतलब बुढ़ापे से जवानी की ओर लौटना है और यह एक दिलचस्प शोध का हिस्सा बन चुका है।

## रिवर्स एजिंग क्या है?

रिवर्स एजिंग एक वैज्ञानिक प्रक्रिया है, जिसमें बुढ़ापे को धीमा करने या उलटने की कोशिश की जाती है। सरल शब्दों में कहें तो, यह एक ऐसी अवधारणा है जिसके तहत इंसान का शरीर बुढ़ापे से फिर से युवा अवस्था में लौट सकता है। भले ही यह सोच पहले असंभव सी लगती थी, लेकिन अब वैज्ञानिक इस पर गंभीरता से काम कर रहे हैं। आजकल के विज्ञान और तकनीक के कारण बुढ़ापे के लक्षणों को धीमा करने या उलटने के लिए कुछ उपायों पर काम हो रहा है। इनमें जेनेटिक इंजीनियरिंग, स्टेम सेल थेरेपी, और अन्य नई तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है।

## उम्र बढ़ने का कारण

हमारी उम्र बढ़ने की प्रक्रिया मुख्य रूप से हमारे डीएनए में होने वाले बदलावों के कारण होती है। जैसे-जैसे समय बीतता है, हमारे डीएनए में क्षति होती जाती है, जिससे हमारी कोशिकाएं ठीक से काम नहीं कर पातीं। साथ ही, हमारे शरीर में मुक्त कण भी बनते हैं, जो कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाते हैं और उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को तेज करते हैं।

## रिवर्स एजिंग के तरीके

वैज्ञानिक रिवर्स एजिंग के लिए कई तरह के तरीकों पर काम कर रहे हैं। चलिए जानते हैं कुछ प्रमुख तरीकों के बारे में-

## स्टेम सेल थेरेपी

स्टेम सेल्स उन कोशिकाओं को कहते हैं, जो किसी भी प्रकार की कोशिका में बदलने की क्षमता रखती हैं। इस थेरपी से शरीर के पुराने और कमजोर अंगों की मरम्मत की जा सकती है, जिससे शरीर फिर से ताजगी महसूस करता है।

## जेनेटिक इंजीनियरिंग

शोधकर्ताओं ने पाया है कि कुछ खास जीन होते हैं, जिन्हें सक्रिय करके हम शरीर की कोशिकाओं को फिर से जवान बना सकते हैं। अगर इन जीनों को सही तरीके से एक्टिव किया जाए, तो शरीर के अंग और कोशिकाएं फिर से काम करने की क्षमता हासिल कर सकती हैं।

## टेलोमेरेज और टेलोमर्स

हमारी कोशिकाओं के अंदर एक संरचना होती है, जिसे टेलोमेरेज कहते हैं। जैसे-जैसे हम बड़े होते हैं, टेलोमेरेज की लंबाई कम हो जाती है और कोशिकाओं का बंटवारा धीमा पड़ जाता है। लेकिन अगर इसे फिर से लंबा किया जाए, तो कोशिकाएं जवानी की स्थिति में लौट सकती हैं।

## एंटीऑक्सीडेंट

एंटीऑक्सीडेंट शरीर में बनने वाले मुक्त कणों से लड़ने में मदद करते हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि एंटीऑक्सीडेंट का उपयोग करके हम उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा कर सकते हैं।

## कैलोरी रिस्ट्रीक्शंस

कई शोधों में यह पाया गया है कि कैलोरी रिस्ट्रीक्शंस (खाने की मात्रा में कमी) से उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा किया जा सकता है। यह शरीर में सुधार लाने के लिए सहायक हो सकता है।

रिवर्स एजिंग का शोध अभी प्रारंभिक चरण में है, लेकिन इसके परिणामों से हमें उम्मीद है कि भविष्य में यह हमारे जीवन को बेहतर बना सकता है। हालांकि, अभी भी इस प्रक्रिया को पूरी तरह से लागू करने के लिए और अधिक अनुसंधान की आवश्यकता है। लेकिन ये नए वैज्ञानिक प्रयास एक दिन हमें उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को रोकने या उसे उलटने में मदद कर सकते हैं।



# लौंग का पानी पीने के फायदे

अगर आप सुबह लौंग का पानी पीते हैं तो इससे शरीर को कई फायदे मिलते हैं। लौंग में एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं जो पानी में घुलकर शरीर तक पहुंचते हैं और कई लाभ पहुंचाते हैं। लौंग का पानी पीने से हमारे शरीर में पाए जाने वाले त्रिदोष को भी बैलेंस किया जा सकता है।

## सुबह लौंग का पानी पीने से क्या फायदा होता है?

वात, पित्त और कफ रहेगा बैलेंस– आयुर्वेद में सारी बीमारियों की जड़ वात, पित्त और कफ को माना जाता है। वात पित्त और कफ का बैलेंस बिगड़ने पर कई तरह की बीमारियां पैदा होती हैं। खासतौर से इससे पेट, गले, नाक और त्वचा की समस्याएं हो सकती हैं। त्रिदोष को बैलेंस करने में लौंग का पानी असरदार साबित होता है। इससे पाचन में सुधार आएगा और पेट ठंडा रहेगा। लौंग का पानी पीने से पेट की जलन और एसिडिटी कम होगी।

पाचन में सुधार आएगा– जो लोग सुबह खाली पेट लौंग का पानी पीते हैं उनका पाचन तंत्र मजबूत बनता है। इस पानी से पेट की बीमारी जैसे गैस, एसिडिटी, ब्लोटिंग और अपच दूर होती है। पाचन प्रक्रिया में सुधार आता है। लौंग का पानी पीने से शरीर में एंजाइम बढ़ते हैं जिससे खाना पचाने में आसानी होती है।

प्यास और जलन कम करे– अगर आपको बहुत प्यास लगती है और पेट में जलन की शिकायत होती है तो आप लौंग का पानी पी सकते हैं। भले ही लौंग तासीर में गर्म होती है लेकिन लौंग का पानी ठंडक देने वाला हो जाता है। इससे प्यास कम लगती है और पेट में होने वाली जलन भी दूर होती है। लौंग का पानी पीने से शरीर हाइड्रेड रहता है।

वजन घटाने में मदद– सुबह खाली पेट लौंग का पानी पीने से मेटाबॉलिज्म तेज होता है। इससे वजन घटाने में मदद मिलती है। भूख कम लगती है और ओवरईटिंग पर भी कंट्रोल किया जा सकता है। लौंग में ऐसे तत्व पाए जाते हैं जो फैट को तेजी से बर्न करने में मदद करते हैं। इसलिए मोटापा घटाने का प्रयास करने वाले लोग लौंग का पानी पी सकते हैं।

इम्यूनिटी बढ़ाए– रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में लौंग का पानी असरदार साबित होता है। इससे इम्यून सिस्टम मजबूत होता है। खासतौर से बदलते मौसम में सर्दी–जुकाम और खांसी कफ जैसी समस्याओं में राहत मिलती है। लौंग में एंटीबैक्टीरियल और एंटीवायरल गुण होते हैं जो किसी भी इंफेक्शन से बचाने में मदद करते हैं। इससे मौसमी बीमारियों दूर रहती है।

# हर्ब्स की मदद से बनाएं नेचुरल हेयर कलर, जाने आसान और सेहतमंद तरीका



बालों को नेचुरली कलर करना अब मुश्किल नहीं है। आप हर्ब्स की मदद से घर पर ही ऐसा हेयर कलर तैयार कर सकती हैं, जो न केवल आपके बालों को खूबसूरत रंग देगा, बल्कि उन्हें पोषण भी प्रदान करेगा। हर्ब्स से बने हेयर कलर केमिकल-फ्री होते हैं और बालों को मजबूत, शाइनी और हेल्दी बनाते हैं। यह खासतौर से उन लोगों के लिए सही है, जो अपने लुक में बदलाव तो चाहते हैं लेकिन बालों को नुकसान पहुंचाने वाले केमिकल्स से बचना चाहते हैं।

## हिना से बनाएं नेचुरल हेयर कलर

हिना बालों को नेचुरली कलर करने के लिए सबसे पुराना और प्रभावी विकल्प है। यह बालों को डीप रेड या बरगंडी शेड देने के साथ-साथ उन्हें मजबूत और टेक्सचर में सुधार करता है। हेयर कलर बनाने के लिए हिना पाउडर को गर्म पानी या चाय के साथ मिलाकर चिकना पेस्ट तैयार करें। इसमें नींबू का रस या टी ट्री ऑयल मिलाकर इसे और भी पौष्टिक बनाएं। इस पेस्ट को बालों पर समान रूप से लगाएं और 1-3 घंटे तक सूखने दें। इसके बाद गुनगुने पानी से धो लें, लेकिन तुरंत शैम्पू का इस्तेमाल करने से बचें ताकि रंग बालों में अच्छी तरह से सेट हो सके।

## आंवला से बालों को दें प्राकृतिक चमक

आंवला बालों के नेचुरल कलर को निखारने और उन्हें सिल्की व शाइनी बनाने में मदद करता है। आंवला पाउडर को पानी में मिलाकर एक चिकना पेस्ट बनाएं और इसे बालों पर लगाएं। पेस्ट को एक घंटे तक बालों पर छोड़ दें। अगर आप बालों को और भी गहरे रंग का टच देना चाहती हैं, तो आंवला पेस्ट में हिना पाउडर मिलाएं। यह आपके बालों को प्राकृतिक चमक और मजबूती प्रदान करेगा, साथ ही बालों की ग्रोथ में भी मदद करेगा।

रूबर्ब रूट से पाएं हल्का गोल्डन शेड

अगर आप अपने बालों को हल्का गोल्डन या रेडिश टोन देना चाहती हैं, तो रूबर्ब रूट एक बेहतरीन विकल्प है। यह लाइट बालों पर खासतौर से अच्छा असर दिखाता है और उनकी शाइन बढ़ाता है। रूबर्ब रूट को 20-30 मिनट तक पानी में उबालें और फिर इसे ठंडा होने दें। इस लिक्विड को बालों पर लगाएं और करीब एक घंटे के लिए छोड़ दें। बाद में गुनगुने पानी से बाल धो लें। यह आपके बालों को खूबसूरत रंग और पोषण दोनों प्रदान करेगा।

## हर्ब्स क्यों हैं खास?

हर्ब्स से बने हेयर कलर पूरी तरह नैचुरल और केमिकल फ्री होते हैं। यह बालों को किसी भी प्रकार के नुकसान से बचाते हैं और उन्हें पोषण देते हैं। हर्ब्स से बालों की ग्रोथ में सुधार होता है, वे मजबूत बनते हैं और उनमें प्राकृतिक चमक भी आती है। साथ ही, हर्ब्स से बना रंग लंबे समय तक टिकता है और बालों को हेल्दी व खूबसूरत बनाता है। इन नैचुरल हेयर कलर के इस्तेमाल से आप अपने लुक को बेहतर बना सकती हैं, बिना बालों को नुकसान पहुंचाए। अगर आप भी अपने बालों को नेचुरली कलर करना चाहती हैं, तो इन हर्बल तरीकों को अपनाएं और बालों को खूबसूरत व सेहतमंद बनाएं।



# ब्लैकहेड्स से छुटकारा पाने के 5 प्रभावी घरेलू उपाय और टिप्स!

ब्लैकहेड्स एक आम समस्या है, खासकर चेहरे पर, जो त्वचा की porosity और तेल उत्पादन के कारण होते हैं। ये तब बनते हैं जब रोमछिद्रों में जमा हुआ तेल, गंदगी, मृत त्वचा कोशिकाएं और बैक्टीरिया हवा के संपर्क में आकर काले हो जाते हैं। ब्लैकहेड्स आपकी त्वचा को बेजान बना देते हैं। ब्लैकहेड्स की समस्या को दूर करने के लिए कई उपाय हैं, जिनमें से कुछ आसान घरेलू उपचार भी हैं।

यहां कुछ प्रभावी टिप्स और घरेलू उपचार दिए गए हैं जिनसे आप ब्लैकहेड्स से छुटकारा पा सकते हैं-

**हल्दी और बेसन का फेस पैक**

हल्दी और बेसन एक प्राकृतिक एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल हैं, जो त्वचा को साफ करने में मदद करते हैं।

1. (1) चम्मच बेसन में 1/2 चम्मच हल्दी और थोड़ी सी दही डालें।
2. इस मिश्रण को चेहरे पर लगाएं और सूखने तक छोड़ दें।
3. सूखने के बाद हल्के हाथों से स्क्रब करें और फिर पानी से धो लें।

यह पैक त्वचा को गहराई से साफ करता है और ब्लैकहेड्स को कम करने में मदद करता है।

**अंडे का सफेद भाग और नींबू का रस मास्क**

नींबू में सिट्रिक एसिड होता है जो त्वचा को एक्सफोलिएट करता है, जबकि अंडे का सफेद भाग त्वचा को हाइड्रेट करता है।

1. (1)अंडे का सफेद भाग, 1 चम्मच नींबू का रस
2. अंडे की सफेदी को सख्त होने तक फेंटें, उसमें नींबू का रस मिलाएं और अपने चेहरे पर लगाएं। सूखने तक लगा रहने दें और फिर धीरे से छील लें।
3. नताशा ने कहा, ÷अंडे का सफेद भाग रोमछिद्रों को कसता है और अतिरिक्त तेल को हटाता है, जबकि नींबू का रस त्वचा को चमकदार बनाने में मदद करता है।÷

**स्टीम (भाप) लें**

स्टीम लेने से त्वचा के रोमछिद्र खुल जाते हैं, जिससे ब्लैकहेड्स को निकालना आसान हो जाता है।

1. एक बर्तन में पानी गर्म करें और उसका भाप चेहरे पर लें।



2. ध्यान रखें कि पानी ज्यादा गर्म न हो, ताकि त्वचा जल न जाए।
3. स्टीम लेने के बाद चेहरे को ठंडे पानी से धोकर रोमछिद्रों को बंद कर लें।

चीनी और शहद स्क्रब

चीनी त्वचा की मृत कोशिकाओं को हटाने के लिए एक बेहतरीन स्क्रब है, जबकि शहद त्वचा को मुलायम बनाता है और उसकी नमी बनाए रखता है।

1. 1 चम्मच चीनी और 1 चम्मच शहद मिलाकर एक स्क्रब तैयार करें।
2. इसे चेहरे पर हल्के हाथों से रगड़ें और फिर गुनगुने पानी से धो लें।
3. यह स्क्रब ब्लैकहेड्स को हटाने में मदद करता है और त्वचा को निखारता है।

**टी ट्री ऑयल**

टी ट्री ऑयल एक प्राकृतिक एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल एजेंट है, जो ब्लैकहेड्स को रोकने में सहायक है।

1. (1-2) बूंदें टी ट्री ऑयल को एक कॉटन पैड पर डालें और उसे प्रभावित क्षेत्र पर लगाएं।
2. इसे रातभर छोड़ें और सुबह अपने चेहरे को धो लें। टी ट्री ऑयल त्वचा को साफ रखता है और ब्लैकहेड्स के निर्माण को रोकता है।

**अतिरिक्त टिप्स**

1. चेहरे को नियमित रूप से धोएं-दिन में दो बार फेसवॉश से चेहरे को धोने से अतिरिक्त तेल और गंदगी हट जाती है, जिससे ब्लैकहेड्स की संभावना कम होती है।
2. कॉमेडोजेनिक उत्पादों से बचें-ऐसे स्किनकेयर और मेकअप उत्पादों का उपयोग न करें जो त्वचा के रोमछिद्रों को बंद कर सकते हैं।
3. संतुलित आहार लें-खानपान में विटामिन और ओमेगा-3 फैटी एसिड्स को शामिल करें, जैसे कि गाजर, टमाटर, मछली आदि, जो त्वचा को स्वस्थ बनाए रखते हैं।

ब्लैकहेड्स से छुटकारा पाना समय और धैर्य की बात है। इन घरेलू उपचारों को नियमित रूप से अपनाकर आप ब्लैकहेड्स को कम कर सकते हैं और अपनी त्वचा को साफ और निखरा हुआ रख सकते हैं। यदि समस्या अधिक बढ़ जाए तो त्वचा विशेषज्ञ से सलाह लेना भी फायदेमंद हो सकता है

## संक्षिप्त समाचार

### फेनेल डबल हैट्रिक लेकर मलिंगा और राशिद के क्लब में शामिल

**ब्यूनर्स आयर्स।** क्रिकेट की पहुंच अब अर्जेंटीना तक हो गयी है जबकि यहां का पसंदीदा खेल फुटबॉल है। इसका अंदाजा सी से लगाया जा सकता है कि अर्जेंटीना के एक गेंदबाज हर्नान फेनेल ने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप सब रीजनल अमेरिकी क्वालीफायर मुकाबले में डबल हैट्रिक लेकर धूम बचा दी है। फेनेल ने केमैन आइलैंड्स के खिलाफ ये डबल हैट्रिक ली है। इसके साथा ही फेनेल ने श्रीलंका के दिग्गज गेंदबाज लसिथ मलिंगा और अफगानिस्तान के राशिद खान की बराबरी की है। डबल हैट्रिक का अर्थ लगातार गेंदों पर 3 से अधिक या 4 विकेट देना है। फेनेल ने केमैन आइलैंड्स की पारी के अंतिम ओवर में ये कारनामा किया। उन्होंने 20वें ओवर की तीसरी गेंद पर ट्रॉय टेलर को आउट करके मैच में दूसरा, जबकि हैट्रिक का पहला विकेट लिया। इसके बाद अगली तीन गेंदों पर एलिस्टेयर इफिल, रोनाल्ड ईबैंक्स और एलेसेंड्रो मॉरिस को आउट किया। इस तरह से उन्होंने मैच में 14 रन देकर कुल 5 विकेट लिए। फेनेल अपनी डबल हैट्रिक के बाद भी अपनी टीम को हार से नहीं बचा पाये।

### 31 की उम्र में उत्तर प्रदेश के तेज गेंदबाज ने संन्यास लिया

**मुम्बई।** आईपीएल नीलामी में नहीं बिके तेज गेंदबाज अंकित राजपूत ने खेल से संन्यास ले लिया है। केवल 31 साल की उम्र में इस क्रिकेटर के संन्यास लेने से सभी हैरान हैं। अंकित ने उत्तर प्रदेश की ओर से घरेलू क्रिकेट खेलने के साथ ही कई आईपीएल टीमों से भी खेला है। अंकित ने 2012-13 के रणजी सीजन में यूपी के लिए प्रथम श्रेणी में पदार्पण किया और अपने रेड-बॉल करियर में 248 विकेट लिए हैं। इस क्रिकेटर ने आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स, पंजाब किंग्स, राजस्थान रॉयल्स, कोलकाता नाइट राइडर्स ओर लखनऊ सुपर जाइंट्स टीम के लिए खेलते हुए 29 मैचों में 24 विकेट लिए हैं।

### रिंकू विजय हजारे ट्रॉफी के लिए यूपी टीम के कप्तान बने

**मुम्बई।** आक्रामक बल्लेबाज रिंकू सिंह अब कप्तानी करते नजर आयेंगे। रिंकू विजय हजारे ट्रॉफी में यूपी टीम की कप्तानी करेंगे। विजय हजारे ट्रॉफी 21 दिसंबर से शुरु होगी। इसके लिए 19 सदस्यीय टीम घोषित कर दी गयी है। उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ ने 19 सदस्यीय टीम के अलावा 4 खिलाड़ी स्टैंड बाई के रूप में चुने हैं जबकि 5 नेट बॉलर रखे हैं। रिंकू की कप्तानी में विजय हजारे ट्रॉफी में उत्तर प्रदेश अपना पहला मुकाबला 21 दिसंबर को जम्मू कश्मीर टीम से खेलेगा। रिंकू ने हाल में हुए सैयद मुश्ताक अली टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए

---

#### वनडे, टी20 रैंकिंग शीर्ष तीन बल्लेबाजों में शामिल

# मंधाना को दोनों रैंकिंग में हुआ फायदा



### गेंदबाजी रैंकिंग में दीप्ति को नुकसान

गेंदबाजी रैंकिंग में दीप्ति शर्मा दो स्थान के नुकसान से पांचवें पायदान पर हैं। भारतीय तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी 48 स्थान की लंबी छलांग के साथ 51वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जबकि रेणुका ठाकुर 28वें से संयुक्त 26वें स्थान पर पहुंच गई हैं। गार्डनर गेंदबाजी रैंकिंग में भी दो स्थान के फायदे से तीसरे स्थान पर हैं जो उनके करियर की पिछली सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग भी है। वह ऑलराउंडर की सूची में भी चौथे से दूसरे पायदान पर पहुंच गई हैं। दक्षिण अफ्रीका की मारिजेन कैप दो स्थान के फायदे से चौथे स्थान पर हैं जबकि इंग्लैंड की चार्ली डीन (दो स्थान के फायदे से सातवें स्थान पर), नैट स्किवर ब्रंट (एक स्थान के फायदे से 16वें स्थान पर) और लॉरेन बेल (चार स्थान के फायदे से 21वें स्थान पर) की तिकड़ी को भी फायदा हुआ है।

### मंधाना वनडे रैंकिंग में शीर्ष 10 में शामिल एकमात्र भारतीय

बाएं हाथ की बल्लेबाज मंधाना ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ में वनडे सीरीज के अंतिम मैच में 105 रन की पारी खेली, जबकि वेस्टइंडीज के खिलाफ रविवार को मुंबई में पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 54 रन बनाए थे। मंधाना वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष 10 में शामिल एकमात्र भारतीय हैं। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर दो स्थान के नुकसान से 13वें, जबकि हरलीन देओल नौ स्थान के फायदे से 64वें स्थान पर हैं।

**दुबई, एजेंसी।** बाएं हाथ की बल्लेबाज मंधाना ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ में वनडे सीरीज के अंतिम मैच में 105 रन की पारी खेली, जबकि वेस्टइंडीज के खिलाफ रविवार को मुंबई में पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 54 रन बनाए थे। भारतीय महिला टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना को मंगलवार को जारी आईसीसी की ताजा रैंकिंग में फायदा हुआ है। मंधाना ने ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था जिसका फायदा उन्हें रैकिंग में मिला है। मंधाना वनडे और टी20 दोनों ही प्रारूप में शीर्ष तीन बल्लेबाजों में शामिल हो गई हैं। भारत की स्टार बल्लेबाज मंधाना वनडे रैंकिंग में तीन स्थान के फायदे से दूसरे, जबकि टी20 में एक स्थान की उछाल के साथ तीसरे नंबर पर आ गई हैं।

इंग्लैंड की सलामी बल्लेबाज टैमी ब्यूमोंट दो स्थान के फायदे से 11 स्थान पर हैं। उन्होंने नाबाद 65 रन की पारी खेलकर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज 2-1 से जीतने में अहम भूमिका निभाई थी। पर्थ में 50 रन बनाने वाली एश्ले गार्डनर 16वें से 15वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जबकि ताहलिया मैकग्रा आठ स्थान के फायदे से 24वें स्थान पर हैं। एनाबेल सदरलैंड 15 स्थान के फायदे से 29वें पायदान पर हैं। उन्होंने भारत के खिलाफ 110 रन की मैच विजयी पारी खेली थी।

---



## आरसीबी ने इस कारण शामिल किया प्रेमा रावत को

**बेंगलुरु, एजेंसी।** उत्तराखंड के लिए घरेलू क्रिकेट खेलने वाली लेग स्पिनर प्रेमा रावत महिला प्रीमियर लीग (डबल्यूपीएल) 2025 के लिए हुई मिनी नीलामी के बाद सभी की नजरों में आई हैं। प्रेमा को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने 1.20 करोड़ की बड़ी रकम देकर अपने साथ जोड़ा है। प्रेमा अपनी स्पिन गेंदबाजी के अलावा एक अच्छी फील्डर भी हैं। प्रेमा ने इसी साल हुए उत्तराखंड प्रीमियर लीग में भी अच्छा प्रदर्शन कर सभी को प्रभावित किया था। वह निचले प्रेमा लोअर ऑर्डर में शानदार बल्लेबाजी भी कर सकती हैं। आरसीबी के दल में आशा शोभना के रूप में पहले से ही एक शानदार लेग स्पिन गेंदबाज हैं पर इसके बाद भी टीम ने प्रेमा रावत को अपने साथ नीलामी में शामिल किया है। इसका कारण कारण शोभना का पूरी तरह से फिट नहीं होना है। ऐसे में फ्रेंचाइजी किसी तरह का कोई खतरा मौल नहीं लेना चाह रही है। यही कारण है कि लेग स्पिनर के तौर पर प्रेमा को टीम के साथ जोड़ा गया है। पिछले सत्र में स्मृति मंधाना की कप्तानी में आरसीबी ने शानदार प्रदर्शन किया था। ऐसे में प्रेमा के ऊपर बेहतर प्रदर्शन की जिम्मेदारी होगी। वहीं अगर आशा शोभना अगर पूरी तरह से फिट रहती हैं तो हो सकता है कि उन्हें इंतजार करना पड़ सकता है।

---

#### 500 साइकिल चालक शामिल हुए, खेल मंत्री मांडविया ने

## फिट इंडिया साइकिलिंग ड्राइव को हरी झंडी दिखाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस कार्यक्रम को मांडविया ने केंद्रीय खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे, भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या के साथ-साथ पेरिस पैरालंपिक की कांस्य पदक विजेता सिमरन शर्मा, राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता नीतू घणघस और एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता प्रीति पवार सहित कई अन्य खिलाड़ियों की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाई। केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को नई दिल्ली के मेजर ध्यान चंद स्टेडियम में फिट इंडिया साइकिलिंग ड्राइव को हरी झंडी दिखाई। स्टेडियम से रायसीना हिल्स और वापसी तक की तीन किलोमीटर की यात्रा में करीब 500 साइकिल चालक शामिल हुए। इस पहल का उद्देश्य साइकिल को परिवहन के एक स्थायी और स्वस्थ साधन के रूप में बढ़ावा देना है।



इस कार्यक्रम को मांडविया ने केंद्रीय खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे, भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या के साथ-साथ पेरिस पैरालंपिक की कांस्य पदक विजेता सिमरन शर्मा, राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता नीतू घणघस और एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता प्रीति पवार सहित कई अन्य खिलाड़ियों की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाई। युवा मामले और खेल मंत्रालय के फिट इंडिया पहल, भारतीय साइकिलिंग महासंघ, एमवाई भारत और विभिन्न खेल प्राधिकरणों के सहयोग से पूरे देश में इस कार्यक्रम का 1,000 से अधिक स्थान पर एक साथ आयोजन हुआ। साइकिलिंग प्रतियोगिताएं भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के क्षेत्रीय केंद्रों, राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों (एनसीओई) के साथ-साथ देश भर के खेलो इंडिया केंद्रों (केआईसी) में एक साथ आयोजित की गई। इसमें 50,000 से अधिक लोगों ने भाग लिया।

---

#### सीनियर बैडमिंटन नेशनल्स शुरूआत

## चिराग और अनमोल खिताब बरकरार रखने उतरेंगे

**बेंगलुरु, एजेंसी।** पुरुष एकल चैंपियन चिराग सेन और महिला एकल विजेता अनमोल खरब 18 दिसंबर से बेंगलुरु में खेली जाने वाली सीनियर बैडमिंटन नेशनल्स में अपना खिताब बराकरार रखने उतरेंगे। इस चैंपियनशिप की शुरुआत इंटर-जोनल टीम स्पर्धाओं से होगी, जबकि व्यक्तिगत टीम स्पर्धा 20 दिसंबर से शुरू होगी। इसमें मौजूदा चैम्पियन अपने-अपने खिताब का बचाव करने उतरेंगे।

वहीं इसको लेकर भारतीय बैडमिंटन संघ के सचिव संजय मिश्रा ने कहा, सीनियर नेशनल चैंपियनशिप घरेलू सर्किट का शीर्ष है और हमारे घरेलू सर्किट में प्रतिस्पर्धा के स्तर को देखते हुए, बेंगलुरु में बैडमिंटन प्रशंसकों को अगले सात दिनों में उच्च गुणवत्ता वाले मैच देखने को मिलेंगे और हम युवा खिलाड़ियों के बीच से कुछ नए स्टार खिलाड़ियों के उभरने का इंतजार कर रहे हैं। यह साल का अंतिम बाई टूर्नामेंट होगा। साल 2006-07 में चेतन आनंद द्वारा यह





उपलब्धि हासिल करने के बाद से कोई भी पुरुष एकल खिलाड़ी खिताब बरकरार नहीं रख पाया है। वहीं महिला बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल (2006-07 और 2017-18) की इसी अवधि के दौरान लगातार खिताब जीतने वाली एकमात्र महिला एकल खिलाड़ी रही हैं।

वहीं व्यक्तिगत स्पर्धा में लक्ष्य सेन को दुनिया के 34वें नंबर के खिलाड़ी प्रियांशु राजावत, दुनिया के 37वें नंबर के खिलाड़ी किरण जॉर्ज, पिछले संस्करण के फाइनलिस्ट एम. थारुन और बहुमुखी प्रतिभा के धनी प्रणय शेट्टीगर की अगुआई वाली युवा ब्रिगेड से कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। दूसरी ओर महिला वर्ग में, पिछले संस्करण की फाइनलिस्ट तन्वी शर्मा, अनुभवी मालविका बंसोड़, आकर्षि कश्यप, उन्नति हुड्डा, पूर्व चैंपियन अनुपमा उपाध्याय और उभरती हुई रक्षिता अनमोल के लिए कड़ी चुनौती पेश कर सकती हैं।

---



#### आर्थिक अपराधियों के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी: वित्तमंत्री

## ईडी ने बैंकों और दावेदारों को लौटाई 22,280 करोड़ संपत्ति

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि विदेशी संपत्ति का खुलासा करने वाले करदाताओं की संख्या 2021-22 में 60,467 से बढ़कर 2024-25 में दो लाख हो गई है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को बताया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पीड़ितों या सही दावेदारों को 22,280 करोड़ रुपये की संपत्ति लौटाई है। साथ ही कहा कि आर्थिक अपराधियों के खिलाफ लड़ाई लगातार जारी रहेगी।

**इन मामलों में लौटाई जमीन:** लोकसभा में पूरक अनुदान मांगों की पहली किस्त पर चर्चा का जवाब देते हुए सीतारमण ने कहा कि भगोड़े विजय माल्या की 14,131.6 करोड़ रुपये की संपत्ति सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को वापस कर दी गई है। वहीं, नीरव मोदी मामले में, 1,052.58 करोड़ रुपये की संपत्ति पीएसबी और निजी बैंकों को लौटाई गई है।

इसके अलावा, मेहुल चोकसी मामले में 2,565.90 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की गई है और इसकी नीलामी की जाएगी। साथ ही नेशनल स्पॉट एक्सचेंज लिमिटेड (एनएसईएल) मामले में, 17.47 करोड़ रुपये की संपत्ति वास्तविक निवेशकों को वापस कर दी गई थी, जिन्हें धोखा दिया गया था।

**हम किसी को नहीं छोड़ेंगे:** उन्होंने कहा, पीएमएलए के मामले में ईडी ने बड़े मामलों से कम से कम 22,280 करोड़ रुपये की संपत्तियों को सफलतापूर्वक लौटाया है। हमने किसी को नहीं छोड़ा है, भले ही वे देश छोड़कर भाग



गए हों, हम उनके पीछे पड़े हैं। ईडी ने यह पैसा इकट्ठा किया है और बैंकों को वापस दे दिया है। उन्होंने आगे कहा, इसलिए यह समझना महत्वपूर्ण है कि हमने आर्थिक अपराध करने वालों को नहीं छोड़ा है। हम उनके पीछे पड़े हैं। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि जो पैसा बैंकों में वापस जाना है, वह वापस चला जाए।

**विदेशी संपत्ति का खुलासा करने वाले करदाताओं की संख्या दो लाख:** विदेशी काले धन के संबंध में मंत्री ने कहा कि 2015 का काला धन अधिनियम वास्तव में कई करदाताओं पर एक निवारक प्रभाव डाल रहा है और वे अपनी विदेशी संपत्तियों का खुलासा करने के लिए आगे आते हैं। उन्होंने कहा कि विदेशी संपत्ति का खुलासा करने वाले करदाताओं की संख्या 2021-22 में 60,467 से बढ़कर 2024-25 में दो लाख हो गई है।

अधिनियम के तहत जून 2024 तक 697 मामलों में 17,520 करोड़ रुपये से अधिक की मांग की गई है। कुल 163 अभियोजन शुरू किए गए हैं।

### ताइवान की लैपटॉप कंपनी चेन्नई संयंत्र के साथ भारत में विनिर्माण करेगी शुरू


ताइवान की लैपटॉप विनिर्माता कंपनी एमएसआई भारत में अपना विनिर्माण परिचालन शुरू कर रही है। इसके अनुसार एमएसआई भारत में अपनी दो लैपटॉप मॉडल एमएसआई मॉडर्न 14 और एमएसआई थिन 15 के स्थानीय रूप से विनिर्मित संस्करण पेश करेगी। इन लैपटॉप की कीमत क्रमश: 73,990 रुपये और 52,990 रुपये से शुरू होगी। एमएसआई ने अपने बयान में कहा कि भारत एमएसआई के सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक है और ब्रांड अपनी उपस्थिति बढ़ा रहा है। उच्च प्रदर्शन वाले लैपटॉप की मांग बढ़ रही है और इसलिए उन्होंने वैश्विक मानकों को पूरा करने वाले स्थानीय रूप से विनिर्मित उपकरणों की पेशकश करने का निर्णय लिया है। एमएसआई इंडिया के एक वरिष्ठ अधिकारी ने भारत की महत्वपूर्णता को मानते हुए इस नए पहल का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भारत लंबे समय से एमएसआई के लिए एक प्रमुख केंद्र रहा है और उच्च प्रदर्शन वाले लैपटॉप की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए हम विनिर्माण की प्रक्रिया भारत में शुरू कर रहे हैं। एमएसआई की इस पहल से भारतीय प्रौद्योगिकी सेक्टर में नई ऊर्जा और उत्साह भरने की संभावनाएं बढ़ेंगी और लोगों के लिए एक नया विकल्प उपलब्ध होगा।

---

#### महिंद्रा समूह के चेयरमैन आनंद महिंद्रा बोले

## एमएंडएम ने दुनिया की 11वीं सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी बनकर दुनिया को हैरान किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म वर्ल्ड ऑफ स्टेटिस्टिक्स की ओर से जारी की गई सबसे मूल्यवान कार निर्माताओं की वैश्विक रैंकिंग में एमएंडएम को शामिल किया गया है। इस उपलब्धि पर बोलते आनंद महिंद्रा ने शुरुआती वर्षों में भारत के ऑटोमोबाइल उद्योग के सामने आई चुनौतियों को याद किया। उन्होंने क्या कहा आइए, जानें। महिंद्रा समूह के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने मंगलवार को बताया कि जब भारत ने एक स्वतंत्र वाहन निर्माता के रूप में शुरुआत की थी, तो दुनिया का मानना था कि इसके सफल होने की संभावना बहुत कम है। उन्होंने यह विचार उस समय व्यक्त किए जब वाहन निर्माता कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा ने बाजार पूंजीकरण के आधार पर दुनिया की 11वीं सबसे बड़ी वाहन निर्माता कंपनी बनकर 43.12 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचकर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की।



सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म वर्ल्ड ऑफ स्टेटिस्टिक्स की ओर से जारी की गई सबसे मूल्यवान कार निर्माताओं की वैश्विक रैंकिंग में एमएंडएम को शामिल किया गया है। इस उपलब्धि पर बोलते आनंद महिंद्रा ने शुरुआती वर्षों में भारत के ऑटोमोबाइल उद्योग के सामने आई चुनौतियों को याद किया। उन्होंने कहा, 1991 में जब भारतीय अर्थव्यवस्था खुली तो दुनिया को लगा कि एक स्वतंत्र वाहन निर्माता के रूप में हमारे अस्तित्व की संभावनाएं बहुत कम हैं।

महिंद्रा ने इंजन विशेषज्ञता के लिए स्टेलेंटिस (प्यूजो) और आधुनिक कारों के निर्माण के लिए फोर्ड और रेनॉल्ट जैसी वैश्विक कंपनियों के साथ सहयोग के महत्व पर बल दिया। महिन्द्रा ने इन साझेदारियों के लिए आभार व्यक्त किया, और कहा कि इसके साथ साझेदारी से कंपनी को जानकारी प्राप्त करने और ऑटोमोटिव क्षेत्र में अपनी नींव मजबूत करने में मदद मिली। वैश्विक रैंकिंग में टेस्ला 1.23 ट्रिलियन अमरीकी डॉलर के चौंका देने वाले बाजार पूंजीकरण के साथ शीर्ष पर है, इसके बाद टोयोटा 233.26 बिलियन अमरीकी डॉलर और बीवाईडी 107.52 बिलियन अमरीकी डॉलर के साथ दूसरे स्थान पर है।

भारतीय वाहन निर्माताओं में मारुति सुजुकी इंडिया भी सूची में शामिल है, जिसने 41.81 बिलियन अमरीकी डॉलर के बाजार पूंजीकरण के साथ 13वां स्थान हासिल किया है। आनंद महिंद्रा ने प्रतिबद्धता और गर्व के साथ कहा, हम भारत को गौरवान्वित करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास जारी रखेंगे।

---

### बिहार सरकार ने करीब 30,000 करोड़ के निवेश प्रस्तावों को मंजूरी दी

**पटना।** बिहार सरकार ने करीब 30,000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को मंजूरी देने का ऐलान किया। राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड की 58वीं बैठक में 52 इकाइयों के 28,881.55 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को सैद्धांतिक मंजूरी दी गई। 35 इकाइयों के 609.26 करोड़ रुपये के प्रस्तावों को वित्तीय स्वीकृति दी गई। बोर्ड में शामिल उद्योग सचिव और अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। इसके अलावा सरकार ने राज्य में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई हैं। हाल ही में खाद्य प्रसंस्करण निवेश बैठक और उद्यमी पंचायत का आयोजन किया गया। उद्यमी योजनाओं के लाभार्थियों को पहली और दूसरी किस्त की राशि का वितरण भी किया गया। इसी दिशा में राज्य सरकार ने बिहार बिजनेस कनेक्ट की घोषणा की है, जो 19-20 दिसंबर को पटना में आयोजित किया जा रहा है।

### डिक्सन टेक्नोलॉजीज ने वीवो के साथ संयुक्त उद्यम की घोषणा की

**मुंबई।** डिक्सन टेक्नोलॉजीज ने चीनी मोबाइल फोन विनिर्माता वीवो के साथ संयुक्त उद्यम की घोषणा की है, जिसमें डिक्सन वीवो के लिए और अन्य निर्माताओं के लिए भी फोन बना सकती है। इस संयुक्त उद्यम से होम इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग सर्विस कंपनी (ईएमएस) को देश के मोबाइल फोन असेंबली बाजार में 20 फीसदी हिस्सेदारी हासिल हो सकती है। डिक्सन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह सौदा डिक्सन को 22-23 फीसदी की हिस्सेदारी मिलने में मदद करेगा और वीवो को स्मार्टफोन और फीचर फोन बाजार में भी 20 फीसदी से अधिक हिस्सेदारी हासिल हो सकती है।

### नवंबर में व्यापार घाटा रिकॉर्ड 37.8 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** व्यापार घाटा आयात खास तौर पर सोने का आयात 4.3 गुना बढ़ने से नवंबर में बढ़कर 37.8 अरब डॉलर की ऊंचाई पर पहुंच गया। वाणिज्य विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार नवंबर में आयात 27 फीसदी बढ़कर तकरीबन 70 अरब डॉलर रहा। दूसरी ओर निर्यात 4.8 फीसदी घटकर 25 महीने में सबसे कम 32.1 अरब डॉलर रहा। अक्टूबर में निर्यात में शानदार 17 फीसदी की वृद्धि देखी गई थी, जिसके बाद नवंबर में निर्यात घटा है। अधिकारियों के अनुसार क्रिसमस से पहले पश्चिमी देशों में माल का स्टॉक बढ़ाने के लिए अक्टूबर में निर्यात मांग बढ़ी थी।

---

## सेबी ने निष्क्रिय म्यूचुअल फंड फोलियो का पता लगाने के लिए एक प्लेटफॉर्म का प्रस्ताव रखा

**मुंबई, एजेंसी।** बाजार नियामक ने निवेशकों के लिए अपने निष्क्रिय पड़े म्यूचुअल फंड फोलियों का पता लगाने के लिए एक प्लेटफॉर्म का प्रस्ताव दिया है। सेबी द्वारा जारी 17 दिसंबर को जारी परामर्श पत्र में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने म्यूचुअल फंड निवेश ट्रेसिंग एवं रिट्राइवल असिस्टेंट (मित्रा) की स्थापना का प्रस्ताव रखा। आइए इस बारे में और जानें।

बाजार नियामक सेबी ने निवेशकों के लिए अपने निष्क्रिय पड़े म्यूचुअल फंड फोलियों का पता लगाने के लिए एक प्लेटफॉर्म का प्रस्ताव दिया है। सेबी की ओर से 17 दिसंबर को जारी परामर्श पत्र में भारतीय प्रतिभूति व विनिमय बोर्ड (सेबी) ने म्यूचुअल फंड निवेश ट्रेसिंग एवं रिट्राइवल असिस्टेंट (मित्रा) की स्थापना का प्रस्ताव रखा है।

परामर्श पत्र में कहा गया है, कई वर्षों में, म्यूचुअल फंड निवेशक अपने निवेश पर नजर नहीं रख पाएंगे, क्योंकि हो सकता है कि उन्होंने न्यूनतम, क्योंकि हो सकता है कि उन्होंने कम केवाईसी विवरण के साथ भौतिक रूप में निवेश किया हो।

ओपन-एंडेड ग्रोथ ऑप्शन म्यूचुअल फंड योजनाओं में निवेश तब तक निवेशित रह सकता है जब तक कि निवेशक/उसका नामित व्यक्ति/कानूनी उत्तराधिकारी संबंधित एएमसी (एसेट मैनेजमेंट कंपनी) से रिडेम्प्शन/ट्रांसफर/ट्रांसमिशन के लिए संपर्क न करे। पैन, ईमेल आईडी या वैध पते की अनुपलब्धता के कारण यह भी संभव है कि ये फोलियो यूनिटधारक के समेकित खाता विवरण में दिखाई न दें। इस प्रकार, म्यूचुअल फंड फोलियो में निष्क्रियता निवेशक द्वारा अपने निवेश का ट्रैक खो देने, मृत्यु आदि के कारण हो सकती है। ऐसे निष्क्रिय फोलियो धोखाधड़ी से रिडेम्प्शन के लिए अतिसंवेदनशील हो सकते हैं। इसलिए, नियामक ने एक ऐसा प्लेटफॉर्म प्रस्तावित किया है जिसे रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंटों द्वारा विकसित किया जाएगा।

---

#### जॉय ई-रिक और जॉय ई-बाईक बिज़नेस वर्टिकल्स के तहत अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो का विस्तार किया

## इलेक्ट्रिक पैसेंजर थ्री-व्हीलर और इलेक्ट्रिक कमर्शियल लोडर्स के 'मेड इन इंडिया' वेरिएन्ट लॉन्च किए

**मुंबई, एजेंसी।** 2024 आधुनिक टेक्नोलॉजी और सर्वश्रेष्ठ फीचर्स के साथ पर्यावरण के अनुकूल परिवहन समाधानों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध इलेक्ट्रिक वाहनों की अग्रणी निर्माता वार्डविज़र्ड इनोवेशन्स एण्ड मोबिलिटी लिमिटेड ने आज अपने ब्राण्ड जॉय ई-रिक के तहत 'मेड इन इंडिया' पैसेंजर एवं कमर्शियल इलेक्ट्रिक थ्री व्हीलर की नई रेंज का लॉन्च किया। साथ ही ब्राण्ड जॉय ई-बाईक के तहत नए हाई स्पीड इलेक्ट्रिक स्कूटर 'नेमो' का भी लॉन्च किया है।

इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर्स को यात्री एवं चालक के लिए अधिक भरोसेमंद, सुरक्षित और व्यवहारिक बनाते हुए कंपनी ने पैसेंजर व्हीकल सेगमेन्ट में दो मॉडल्स लॉन्च किए हैं- जॉय ई-रिक वी 1 (एल5) और जॉय बंधु (एल3)। कमर्शियल सेगमेन्ट में भी कंपनी दो मॉडल्स लेकर आई है- जॉय सहायक प्लस कार्गो (एल5) तथा




जॉय ईको लोडर (एल3)। ये कमर्शियल मॉडल्स ऑथोराइज़्ड डीलरशिप्स पर उपलब्ध होंगे। देश में ई-मोबिलिटी को सशक्त बनाने के प्रयास में वार्डविज़र्ड इनोवेशन्स एण्ड मोबिलिटी लिमिटेड भारत में फ्लीट ऑपरेटर्स के साथ साझेदारी करेगी, तथा इलेक्ट्रिक लास्ट माईल डिलीवरी, शेयर्ड मोबिलिटी और लॉजिस्टिक्स सेक्टर के लिए परिवहन के आधुनिक समाधान उपलब्ध कराकर इलेक्ट्रिक वाहनों के अडॉप्शन को गति प्रदान करेगी। वार्डविज़र्ड की आधुनिक ईवी टेक्नोलॉजी एवं संचालन दक्षतता का सदुपयोग कर यह साझेदारी फ्लीट ऑपरेटर्स को कार्बन फुटप्रिन्ट कम करने, संचालन की लागत पर बचत करने तथा दक्षता बढ़ाने में सक्षम बनाएगी। इनोवेशन और स्थानीकरण पर ध्यान केंद्रित करते हुए वार्डविज़र्ड भारतीय फ्लीट ऑपरेटर्स की ज़रूरतों के अनुसार कस्टमाइज़्ड समाधान लाती है।

जॉय ई-बाईक के प्रोडक्ट पोर्टफोलियो को सशक्त बनाते हुए कंपनी ने नए हाई स्पीड इलेक्ट्रिक स्कूटर 'नेमो' का लॉन्च भी किया है, जो अपने बोल्ड डिज़ाइन के साथ शानदार परफोर्मेन्स देता है। इसके नए फीचर्स और टेक्नोलॉजी राइडर को आराम और सुविधा का अनुभव प्रदान करते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### देव कुशवाहा ने मप्र की बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया

**सोहागपुर।** जबलपुर में आयोजित मिस्टर एमपी बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में सोहागपुर के बॉडी बिल्डर देव पिता धर्मेन्द्र कुशवाह निवासी गौतम वर्ल्ड मरूपुरा ने तीसरा स्थान प्राप्त कर नगर को गौरवान्वित किया है। इस सिलसिले में मप्र बॉडी बिल्डंग एसोसिएशन और जबलपुर बाडी बिल्डिंग एसोसिएशन द्वारा उन्हें विशेष सम्मान से सम्मानित किया गया। देव कुशवाह के मुताबिक उनके वेट ग्रुप में काफी कड़ा मुकाबला था। देव कुशवाहा की इस उपलब्धि पर नगर के खेल प्रेमियों और पहलवानों ने शुभकामनाएं और बधाइया दी है।

### आयुष्मान भारत योजना के तहत आकाश पठारे को मिली नि:शुल्क डायलिसिस की सुविधा

**खण्डवा।** आकाश पठारे पिता कैलाश पठारे निवासी ग्राम अत्तर जिला खंडवा का स्वास्थ्य खराब होने पर इंदौर में नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. निशा तिवारी को दिखाया। मरीज की सभी जांच करने के पश्चात डॉ. तिवारी द्वारा बताया गया कि किडनी खराब हो चुकी है। डायलिसिस करना पड़ेगा, जिस पर डॉक्टर द्वारा फिस्टुला डालकर मेडिसिन देकर ट्रीटमेंट चालू कर दिया गया। आकाश पठारे ने बताया कि इंदौर जाने आने में परेशानी होती थी साथ ही उनके घरवाले भी परेशान होते थे। उनके पश्चात पठारे को जानकारी मिली की खंडवा में ही डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध है तो उन्होंने श्री दादाजी धूनीवाले जिला चिकित्सालय खंडवा में डॉ. पंकज जैन से परामर्श किया।

### दर्दनाक सड़क हादसा: राखड़ से भरा ट्राला मजदूर पर पलटा



**खंडवा।** जिले के हरसूद थाना क्षेत्र के साड़ियापानी हाइवे के ग्रिड के पास राखड़ से भरा ट्राला सड़क किनारे पलट गया। हादसे में घर लौट रहे 38 वर्षीय मजदूर की दबने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलते ही ग्राम सड़ियापानी के लोग मौके पर पहुंचे और डायल 100 को सूचना दी। करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद जेसीबी से राखड़ और क्रेन की मदद से ट्राला हटाकर मृतक का शव बाहर निकाला गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर पड़ताल शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सिंगाजी ताप परियोजना से निर्माणाधीन इंदौर-बैतूल हाईवे निर्माण के लिए राखड़ भरकर जा रहा ट्राला राज्य मार्ग पर ग्रिड के पास मामूली मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलट गया।

## इंदौर में कांग्रेस नेता गोलू अग्निहोत्री सहित 24 ठिकानों पर ईडी की सर्चिंग जारी

# 4.5 करोड़ कैश और हथियार मिले, खुद का क्रिप्टो कॉइन लाने की तैयारी में था

**इंदौर ■ निसं**

इंदौर में कांग्रेस नेता गोलू अग्निहोत्री के यहां ईडी की सर्चिंग लगातार जारी है। बुधवार को भी टीम सुबह से सर्चिंग कर रही है। ईडी के अधिकारी 8 दिन से लगातार अलग-अलग ठिकानों पर छापा मार कार्यवाही कर रहे हैं। कांग्रेस नेता गोलू (विशाल) अग्निहोत्री के अलावा इंदौर के ही विपुल अग्रवाल और तरूण श्रीवास्तव सहित 24 स्थानों पर कार्रवाई की जा रही है। सूत्रों के अनुसार पूरी कार्रवाई में अब तक लगभग 4.5 करोड़ रुपए नकद मिल चुके हैं। वहीं सोने-चांदी और अन्य मूल्यवान वस्तुओं की कीमत का आकलन किया जा रहा है।



सूत्रों के मुताबिक अग्निहोत्री अभी भी ईडी की हिरासत में हैं। बताया जा रहा है कि अग्निहोत्री के यहां पर आज भी कार्यवाही जारी रहेगी। ईडी के छापे में अवैध हथियार भी मिले हैं। लसूड़िया इलाके की सिंगापुर टाउनशिप में सर्चिंग के दौरान तरुण श्रीवास्तव के बंगले से यह हथियार बरामद किए गए हैं।

ईडी के असिस्टेंट डायरेक्टर प्रियांकुश की टीम गोलू अग्निहोत्री से जुड़े तरुण राजेंद्र श्रीवास्तव के घर सिंगापुर टाउनशिप में भी सर्चिंग कर रही है। तरुण के विरुद्ध फेमा, क्रॉस बार्डर इंटरनेशनल कनेक्शन, हवाला, बैटिंग और डिब्बा कारोबार की जांच चल रही है। ईडी के मुताबिक टीम को तरुण के घर सर्चिंग में एक देसी पिस्टल, दो मैगजीन और पांच कारतूस मिले हैं। इस मामले में मंगलवार देर रात लसुड़िया पुलिस ने तरुण के खिलाफ एफआइआर दर्ज कर ली है। तरुण फिलहाल मुंबई में है। उसकी पत्नी और भाई से पूछताछ जारी है। ईडी ने अंकित (लसूड़िया), विनोद मित्तल (जानकी नगर) के घर भी सर्चिंग की है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रवर्तन निदेशालय की जांच और कार्रवाई के घेरे में आए इंदौर के कांग्रेस नेता विशाल (गोलू) अग्निहोत्री खुद का एक क्रिप्टो कॉइन लाने की तैयारी में थे। यह भी पता चला है कि दुबई में कांग्रेस नेता द्वारा कई कंपनियां रजिस्टर्ड करवाई गई हैं। यह कंपनियां अपने कर्मचारी और परिचितों के नाम पर बनाई हैं। गोलू ने कई परिचितों को अपने साथ दुबई की सैर भी कराई थी।

## इंदौर के लालाराम नगर में अवैध हॉस्टल जमींदोज

### रहवासी इलाके में 3 हजार वर्गफीट पर अवैध तरीके से बना था



**इंदौर ■ निसं**

इंदौर नगर निगम ने लाला राम नगर में 3 हजार वर्ग फीट पर बने अवैध हॉस्टल को जमींदोज कर दिया। कार्रवाई बुधवार सुबह की गई। यह हॉस्टल रहवासी इलाके में बना था और यहां व्यवसायिक गतिविधियां की जा रही थी। नोटिस देने के बाद नगर निगम की टीम जोन क्रमांक 11 स्थित लालाराम नगर पहुंची।

उपायुक्त लता अग्रवाल ने बताया कि जोन क्रमांक 11 के वार्ड क्रमांक 48 के लालाराम नगर आवासीय क्षेत्र में यह अवैध हॉस्टल बना था। नक्शे के विपरीत 3 हजार वर्ग फीट में बने इस हॉस्टल को बुधवार सुबह 3 पोकलेन, 1 जेसीबी के माध्यम से जमींदोज कर दिया गया।

कार्रवाई के दौरान भवन अधिकारी गीतेश तिवारी, भवन निरीक्षक जीशान चिश्ती, रिमूवल विभाग के विनय तिवारी एवं बड़ी संख्या में पुलिस दल एवं रिमूवल दल मौजूद था।

## नाबालिग लड़की अपहरण मामले की जांच सीबीआई करेगी

# हाईकोर्ट ने पिता की याचिका पर दिए निर्देश, 7 साल से केस लंबित

**ग्वालियर ■ निसं**

मध्यप्रदेश के गुना के बहुचर्चित नाबालिग लड़की अपहरण की जांच अब सीबीआई करेगी। हाईकोर्ट ने यह आदेश लड़की के पिता की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर दिया है। पिछले 7 सालों से यह मामला हाईकोर्ट में लंबित है। कोर्ट ने माना कि पुलिस की जांच में गंभीर खामियां हैं, जिसके चलते एक नाबालिग का अब तक पता नहीं चल सका है।





हाईकोर्ट ने आदेश दिए हैं कि गुना पुलिस दो सप्ताह के भीतर इस केस से जुड़े सभी दस्तावेज नार्को पॉलीग्राफ टेस्ट की रिपोर्ट सीबीआई के सुपुर्द करें। सीबीआई जल्द से जल्द इस मामले की जांच कर लड़की का पता लगाए। जांच के दौरान जो भी दोषी पाया जाए उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए। यदि पुलिस की ओर से यह लापरवाही बरती पाई जाती है तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाए। गुना के आरोन थाना प्रभारी रहे अभय प्रताप सिंह की भूमिका पर भी हाईकोर्ट ने गंभीर सवाल खड़े किए हैं। क्योंकि लड़की के पिता गजेंद्र सिंह चंदेल के नार्को और पॉलीग्राफ टेस्ट में तत्कालीन थाना प्रभारी अभय प्रताप सिंह की जानकारी में लड़की का होना उन्होंने बताया था।

इस मामले में अपहरण के आरोपी जितेंद्र प्रजापति को मुख्य मास्टर माइंड बताया गया। पुलिस ने इस संवेदनशील मामले में किस तरह की जांच की है, यह इसी से पता चलता है कि लड़की के अपहरण के प्रत्यक्षदर्शियों के बयान अधीनस्थ न्यायालय में पेश नहीं किए गए। जबकि हाईकोर्ट में इन बयानों को अभियोजन की ओर से दिखाया गया था। साल 2017 में जब यह नाबालिग लड़की आरोन इलाके से गायब हुई थी। तब उसकी उम्र 16 साल थी।

लड़की अपने अपहरण के बाद कहां चली गई इसे लेकर पुलिस की जांच प्रगति सिफर रही। कोर्ट ने भी पुलिस द्वारा बताए गए मुख्य आरोपी जितेंद्र को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया। जितेंद्र ने यह तो माना कि उसकी लड़की से मुलाकात हुई थी, लेकिन लड़की कहां है इसके बारे में उसे कोई जानकारी नहीं है, यह बात जितेंद्र के नार्को टेस्ट में भी सामने आई थी। जानकारी अनिल श्रीवास्तव-पीडित पिता के अधिवक्ता।

## स्कूल टाइम घूमने वाले मजनुओं से लगवाई उठक बैठक निर्भया मोबाइल की टीम देख सर्किट हाउस से भागे

**दमोह ■ निसं**

शहर के सर्किट हाउस पर मंगलवार की सुबह स्कूल टाइम पर घूमने वाले मजनुओं से निर्भया मोबाइल की टीम ने उठक बैठक लगवा दी। इसके बाद कान पकड़कर युवकों के द्वारा माफी भी मांगी तो वहीं कुछ युवा बाइक से भागते हुए नजर आए।





शहर के सर्किट हाउस पर मंगलवार की सुबह स्कूल टाइम पर घूमने वाले मजनुओं से निर्भया मोबाइल की टीम ने उठक बैठक लगवा दी। इसके बाद कान पकड़कर युवकों के द्वारा माफी भी मांगी तो वहीं कुछ युवा बाइक से भागते हुए नजर आए। हालांकि पुलिस ने थोड़ी दूर पीछा किया, लेकिन इसके बाद युवक काफी दूर तक निकल चुके थे। इन युवकों में कुछ युवक, युवती भी शामिल थे जो घर से स्कूल, कॉलेज आने की बात कहकर सर्किट हाउस पहाड़ी पर घूम रहे थे।

निर्भया मोबाइल की टीम में जब युवक, युवतियों को इस प्रकार टहलते हुए देखा तो उनसे पूरी जानकारी दी। हिदायत दी कि यदि आगे इस प्रकार से वह घूमते हुए पाए गए तो उन्हें कोतवाली ले जाया जाएगा। बता दें पुलिस की निर्भया मोबाइल टीम का गठन इसलिए किया गया है ताकि स्कूल, कॉलेज के आसपास छात्राओं को किसी प्रकार की परेशानी ना हो इस टीम में महिला पुलिस शामिल रहती है। खास तौर पर युवा बाइक से स्टंट करते हुए स्कूल, कॉलेज के पास छात्राओं को परेशान करते हैं, साथ ही छेड़खानी के मामले भी कई बार सामने आ चुके हैं।

दमोह में निर्भया मोबाइल की इस कार्रवाई से आमजन काफी खुश दिख रहे है। क्योंकि युवा स्कूल कालेज के बहाने घर से निकलकर बाहर सड़को पर आवारागर्दी करते नजर आते है। उत्तरप्रदेश में चलाया गया एंटी रोमियो ऑपरेशन बेहद चर्चाओं में रहा तो अब एमपी में ऐसे ही ऑपरेशन की झलक देखने को मिल रही है। जब दमोह पुलिस मजनुओं पर शिकंजा कसती दिखाई दे रही है। निर्भया मोबाइल ने मजनुओं के खिलाफ कार्रवाई की। यही नहीं प्रेमी जोड़ों की तहकीकात करने के साथ समझाइश और फिर मजनुओं को कान पकड़कर उठक बैठक भी लगवाई गई।

## अश्लील वीडियो के साथ भजन, वीडियो वायरल आरोपी अख्तर के खिलाफ एफआईआर

**जबलपुर ■ निसं**



जबलपुर। शहर में एक बार फिर धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने का मामला सामने आया है। अश्लील वीडियो के साथ भगवान शंकर का भजन लगाकर सोशल मीडिया में वायरल किया है। अख्तर मंसूरी पर आपत्तिजनक और अश्लील वीडियो को अपने स्टेटस में लगाने का आरोप है। हिंदूवादी संगठनों और स्थानीय लोगों की शिकायत पर कटंगी थाने में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

दरअसल दो महिलाओं के अश्लील वीडियो में एडिट कर भगवान शंकर का धार्मिक गीत (भजन) लगाया गया है। 55 सेकण्ड के आपत्तिजनक वीडियो पर स्थानीय लोगों ने कड़ा ऐतराज जताया है। वीडियो के सामने आते ही कटंगी इलाके में लोगों का आक्रोश भड़का है। स्थानीय लोगों और हिंदूवादी संगठनों से जुड़े प्रतिनिधियों ने कटंगी थाने में शिकायत दर्ज कराई है। मामले में इलाके में रहने वाले अख्तर मंसूरी का नाम सामने आ रहा है। पुलिस ने धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने और आईटी एक्ट के तहत स्नढ्ढक्र दर्ज की है।

## पैसों के लेनदेन को लेकर दो गुटों में मारपीट 6 लोग घायल, लाठी-डंडों से किया हमला

**भिंड ■ निसं**

मध्य प्रदेश के भिंड जिले के अटेर रोड रेलवे क्रॉसिंग के पास दो गुटों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस घटना में आधा दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए हैं। बताया जा रहा है कि पैसों के लेनदेन को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया, देखते ही देखते नौबत मारपीट तक पहुंच गई। इस दौरान दोनों तरफ से जमकर लात घूंसे और लाठी-डंडे चले। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक मामला देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत अटेर रोड रेलवे क्रासिंग के पास का हैं, जहां पैसों के लेनदेन को लेकर दो गुट आपस में भिड़ गए। मारपीट की घटना में दोनों गुटों के आधा दर्जन लोग घायल हो गए। दरअसल मंगलवार की रात में पैसे के लेनदेन को लेकर दो गुटों के बीच लाठी डंडे चल गए।



मारपीट की घटना में घायल हुए दो लोगों को ग्वालियर रेफर कर दिया गया है।

मारपीट की घटना में दोनों गुटों के शिवेंद्र, गौरव, हेमंत निवासी चंदनपुरा और शिवम, सुंदर और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी।

## रायसेन में हॉकर्स को गर्म कपड़े बांटे गए

**रायसेन।** रायसेन में बुधवार सुबह सामाजिक संगठन फोर्ट क्लब ने घरों में अखबार पहुंचाने वाले हॉकर्स को गर्म कपड़े बांटे है। इस दौरान क्लब के सदस्यों ने बताया कि हॉकर्स रोज सुबह 4 बजे उठकर कड़ाके की ठंड में लोगों के घरों में अखबार पहुंचाने का काम करते है। इन्हें सर्दी से बचाना जरूरी है। इसी कारण क्लब पिछले छह साल से हॉकर्स को गर्म कपड़े बांटने का काम कर रहा है। इस दौरान क्लब के सदस्य एसी अग्रवाल, आरके सोनी, वैभव अग्रवाल, विकास मिश्रा सहित कई अन्य सदस्य शामिल थे। सभी सदस्य सुबह खुद को फिट रखने के लिए किले की पहाड़ी पर पहुंच कर योग ध्यान भी करते हैं।

## पति ने खेला खूनी खेल पत्नी पर कुल्हाड़ी से किया हमला, सुलाई मौत की नींद

**शहडोल ■ निसं**

एक दूजे संग जीवन भर साथ निभाने की कसमें खाने वाले पति ने पत्नी की कुल्हाड़ी मारकर निर्मम हत्या कर दी. दरअसल पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था, तभी उनकी बेटी ने माता-पिता के बीच चल रहे विवाद की जानकारी अपने मामा को दी. जब तक मामा घर आते इसके पहले ही पति ने पत्नी की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी। बता दें कि घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के पुरानी बस्ती सत्य टॉकीज के पास की बताई जा रही है. बताया जा रहा है कि धर्मेंद्र बैगा और उसकी 35 वर्षीय पत्नी सोमवती के बीच बीती रात किसी बात को लेकर बाद हो गया. गुस्साएं पति ने पत्नी के सिर पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया. मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची. इसके बाद पुलिस पत्नी को लहूलुहान हालत में अस्पताल लेकर पहुंची. जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया.

इधर, कोतवाली पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है और पूछताछ कर रही है. इस मामले में थाना प्रभारी राघवेंद्र तिवारी का कहना है कि पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था. जिसके बाद पति ने पत्नी की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी।

## इंदौर कांग्रेस का मधुमिलन चौराहे पर अनोखा प्रदर्शन

# ट्रम्प का पुतला लगा महापौर भार्गव से की अपील; कहा- जल्द चौराहे का विकास करें

**इंदौर ■ निसं**

इंदौर में बुधवार को कांग्रेस ने अनोखा प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मधुमिलन चौराहे पर डोनाल्ड ट्रंप का पुतला बनाकर महापौर से जल्द से जल्द मधुमिलन चौराहे को ठीक करने की अपील की।

दरअसल, मधु मिलन चौराहे पर लंबे समय से निर्माण कार्य होनेके चलते लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिसके विरोध में बुधवार को कांग्रेस ने अनोखा प्रदर्शन किया है। इस प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पुतले के माध्यम से महापौर पुष्यमित्र भार्गव से चौराहे का काम तत्काल पूरा किए जाने की अपील की है। इंदौर जिला कांग्रेस सेवा दल के कार्यकारी अध्यक्ष विवेक खंडेलवाल ने कहा कि, 2 साल से अपनी दुर्दशा पर मधु मिलन चौराहा रो रहा है। हजारों नागरिक रोजाना परेशान हो रहे हैं। कभी सड़क खोद दी जाती है, कभी ट्रैफिक डायवर्शन किया जाता है, कभी कोई नया प्रयोग किया जाता है।





निगम द्वारा चौराहे को जंतर मंतर चौराहा बना दिया गया है। जिसमें एक बार फंसने के बाद व्यक्ति को यह समझ में नहीं आता कि मुझे जाना कहां है और निकालना कहां है। देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की प्रतिमा की दुर्दशा की जा रही है।

नगर निगम और महापौर पुष्य मित्र भार्गव को आम जनता रहवासी कई बार आग्रह कर चुके हैं, लेकिन, कोई भी उचित कदम नहीं उठाया जा रहा है।

शहर के पुराने और बड़े चौराहों में से एक मधुमिलन चौराहे पर लंबे समय से कार्य चल रहा है शहर के पुराने और बड़े चौराहों में से एक मधुमिलन चौराहे पर लंबे समय से कार्य चल रहा है।

नगर निगम द्वारा मधुमिलन चौराहे को संवारने का काम 2 साल से चल रहा है। लगभग सवा चार करोड़ की लागत से पूरे चौराहे को संवारा जा रहा है। यहां अलग-अलग स्थानों के लैफ्ट टर्न चौड़े किए जा रहे है। यहां दवा बाजार से लेकर आरएनटी मार्ग, एमवाय, छावनी, सरवटे और ग्वालटोली की सडकों से होकर बड़े पैमाने पर दिनभर वाहन गुजरते हैं।

फिलहाल चौराहा बदहाल है और वाहन चालक कहीं से भी किसी भी मार्ग पर वाहन से गुजरते हैं। इंदौर का मधुमिलन और महू नाका सर्कल शहर के वो चौराहे हैं, जहां छह मार्ग मिलते हैं। इसके बावजूद दोनों चौराहों पर ट्रैफिक की परेशानी कभी नहीं आई, लेकिन मधु मिलन चौराहे के नए सिरे से निर्माण के कारण ट्रैफिक जाम लग जाता है। शाम के समय छावनी, एमवाय मार्ग पर ट्रैफिक का दबाव ज्यादा रहता है।

यह दवा अमूल्य है

खूनी बवासीर के मरीजों के लिये आवश्यक सूचना

1. क्यान खूनी बवासीर से पीड़ित है।
2. डाक्टरों, हकीमों और वैद्यों का ईलाज करा-करा कर थक गये है।
3. निरंतर खून आने से शरीर अत्यंत दुर्बल और कमजोर हो जाता है।

तो आइये मात्र 6 पुड़िया आपके जीवन को चिंताओं से मुक्त कर सकती है और आप फिर से पूर्ण मस्ती के साथ जीवन व्यतीत करने के लिये सक्षम हो सकते हैं।
तो आज ही हमारे निम्न पते पर आये और नि:शुल्क दवा प्राप्त करें।

दैनिक अमृत दर्शन
6, पत्रकार नगर कोलार रोड, भोपाल-462003, मो. 9827054436

अमृत दर्शन

भोपाल
बुधवार 18 दिसंबर 2024

### मनीष बागवानी बने भाजपा संतनगर मंडल अध्यक्ष

**भोपाल।** भाजपा संत नगर मंडल के नए अध्यक्ष के रूप में मनीष बागवानी की नियुक्ति से सिंधी समाज में खुशी की लहर है। उनकी नियुक्ति पर समाज और भाजपा संत नगर द्वारा अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें कई प्रमुख समाजसेवियों और भाजपा नेताओं ने भाग लिया।समारोह के दौरान मनीष बागवानी का स्वागत शॉल और श्रीफल से किया गया। समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने बागवानी की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी। अभिनंदन करने वालों में प्रमुख रूप से राजेश बेलानी, मोहन लालवानी, पंचायत अध्यक्ष माधु चांदवानी,आदि शामिल रहे।

### वैन में आग लगने के बाद ब्लास्ट, धमाके की आवाज से दहशत में आ गए लोग

**भोपाल।** भोपाल के ऐशबाग में वैन में आग लगने के बाद ब्लास्ट हो गया। धमाका इतना तेज था कि वैन के परखच्चे 50 फीट तक ऊपर उड़ गए। वहीं 30 से 40 फीट तक आग की लपटें नजर आई। इससे लोग दहशत में आ गए। हालांकि कोई जन हानि नहीं हुई है। घटना मंगलवार सुबह 11.45 बजे की है। बता दें ऐशबाग इलाके में फातमा बी की मस्जिद के पास एक वैन खड़ी थी। इसमें अज्ञात वजह से आग लग गई। धीरे-धीरे आग फैल गई। इससे वैन आग की लपटों में घिर गई। कुछ देर बाद ही वैन में ब्लास्ट हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि वैन में एलपीजी सिलेंडर लगा था। संभवत: यह एलपीजी से ही चलती होगी। आग लगने के बाद सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया। इसकी आवाज से पूरा इलाका दहशत में आ गया।

## बाबा महाकाल की भस्म आरती में सम्मिलित हुए अभिनेता उत्कर्ष शर्मा





*उज्जैन। फिल्म अभिनेता उत्कर्ष शर्मा आज अल सुबह महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे और भस्म आरती में शामिल हुए। उन्होंने बाबा महाकाल के दर्शन कर आर्शीवाद लिया। साथ ही नंदी हाल में बैठकर शिव साधना की। अभिनेता ने कहा कि मंदिर समिति और सरकार ने जो महाकालेश्वर में व्यवस्थाएं की हैं, वह बेहद प्रशंसनीय हैं। मुझे इस मंदिर में आकर अद्भुत अनुभव हुआ। हर किसी को महाकाल की भस्म आरती प्रत्यक्ष रूप से देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि महाकाल की नगरी उज्जैन आकर एक दिव्य शांति का अनुभव होता है। बात दें कि भस्म आरती के बाद महेश पुजारी, पुरोहित पीयूष चतुर्वेदी और विपुल चतुर्वेदी ने एक्टर उत्कर्ष शर्मा का विधिवत पूजन संपन्न कराया।*

### प्रदेश में ठंड का दौर जारी

## प्रदेश के पांच शहरों का न्यूनतम तापमान 4 डिग्री से नीचे दर्ज

**भोपाल ■ अमृत दर्शन**

मध्य प्रदेश लगातार शीत लहर की चपेट में है। ठंड लगातार रिकॉर्ड भी तोड़ती नजर आ रही है। इस बार दिसंबर जनवरी से भी ज्यादा ठंडा है। पिछली रात सबसे ठंडा पचमढ़ी रहा यहां का न्यूनतम तापमान 1.9 दर्ज किया गया।

जबकि राजधानी भोपाल के तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी हुई है। यहां का न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। एक दिन पहले रिकॉर्ड 3.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। प्रदेश के पांच शहरों का न्यूनतम तापमान 4 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया। प्रदेश के ग्वालियर जिले में हल्का से मध्यम कोहरा छाया रहा एवं पचमढ़ी और रायसेन जिले में पाला पड़ा। प्रदेश में पिछले 8 दिन से शीतलहर चल रही है। लगातार बढ़ती ठंड के कारण प्रदेश के ज्यादातर स्कूलों का समय बढ़ा दिया गया है। इधर भोपाल के वन विहार नेशनल पार्क में जानवरों को सर्दी से बचाने के लिए हीटर लगाए गए हैं।

मौसम विभाग की सीनरी वैज्ञानिक वेद प्रकाश के अनुसार प्रदेश में पिछले 8 दिन से कोल्ड वेव चल रही है। मंगलवार के बाद शीतलहर का दौर खत्म होने का अनुमान है और कुछ दिन तक थोड़ी राहत मिल सकती है। आज 20 जिलों में शीतलहर चलने का अनुमान है। इनमें से 6 जिले- शाजापुर, आगर-मालवा, सीहोर, रायसेन, मंडला और छतरपुर में पेड़-पौधों की पत्तियों पर बर्फ भी जम सकती है। इस सीजन में सबसे ज्यादा भोपाल संभाग में ठंड पढ़ रही है। भोपाल में लगातार रिकॉर्ड भी बनते जा रहे हैं।

### संक्षिप्त समाचार

### सेवा भारती भोपाल ने 550 जरुरतमंद बच्चों को बांटे स्वेटर



**भोपाल।** राजधानी भोपाल इन दिनों कड़ाके की ठंड के चपेट में है, शीत लहर और तेज ठंड से हर व्यक्ति ठिठुर रहा है। निराश्रित और जरूरतमंद लोगों को ठंड से बचाने के लिए सामाजिक संस्थाओं ने गर्म कपड़े और कंबल वितरित किए। इसी के तहत सेवा भारती ने माधव मंडल के 25 संस्कार केन्द्रों पर 550 जरुरतमंद बच्चों को स्वेटर और जैकेट बांटे। महानगर अध्यक्ष शिवमंगल सिंह ने सेवा भारती के कार्यों को पीड़ित मानवता की सेवा का मूल उद्देश्य बताया। उन्होंने आगे कहा समाज जरुरतमंदों की सेवा के लिए संकल्पित है। विभिन्न मंडलों में 2100 स्वेटर वितरण करने का लक्ष्य शीघ्र ही पूरा किया जाएगा। इस कार्य में अध्यक्ष शिव मंगल सिंह, समाज सेवी इंजी. श्याम सरन अग्रवाल और समाज सेवी रेनु गुप्ता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर उपाध्यक्ष जागृति सिंह, कमलेश सिंह, सचिव प्रवीण सक्सेना, महिला संयोजिका ललिता दीदी, रत्नेश जी ओर केंद्रो की शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

### अधिकारियों को दिया अर्थदंड लगाने का अधिकार

# बिना अनुमति दीवार पर लिखने या पर्चा चिपकाने पर लगेगा भारी जुर्माना

**बिना अनुमति नगरीय क्षेत्र में भूस्वामी की अनुमति के बिना दीवार लेखन या पर्चा चस्पा किया तो अब पांच हजार रुपये का अर्थदंड भी लगेगा।**

**भोपाल ■ अमृत दर्शन**

बिना अनुमति नगरीय क्षेत्र में भूस्वामी की अनुमति के बिना दीवार लेखन या पर्चा चस्पा किया तो अब पांच हजार रुपये अर्थदंड भी लगेगा। ऐसे मामले न्यायालय नहीं जाएंगे। अधिकारियों को अर्थदंड लगाने का अधिकार रहेगा। इसका प्रविधान सरकार ने जन विश्वास विधेयक में किया है, जिसे मंगलवार को विधानसभा में प्रस्तुत किया गया।

भारत सरकार ने कामकाज में अनावश्यक लंबी प्रक्रिया को समाप्त करने के लिए वर्ष 2023 में जन विश्वास विधेयक प्रस्तुत किया था। इसी तरह प्रदेश सरकार ने भी विधेयक तैयार किया है। इसमें विभागों के विभिन्न अधिनियमों के उन प्रविधानों को शामिल किया है, जिनमें जुर्माने का प्रविधान था। इसके लिए संबंधित विभाग को प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत करने होते थे, जबकि इनका निराकरण समझौते के माध्यम से आसानी से किया जा सकता है।

इसी तरह नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने यह प्रविधान प्रस्तावित किया है कि पानी की नाली या सड़क को अपने उपयोग के लिए क्षतिग्रस्त किया या फिर निजी भूमि पर मार्ग के लिए चूने की लाइन डालकर प्लाटिंग की जाती है तो अर्थदंड पांच सौ के स्थान पर पांच हजार रुपये लगेगा। इसी तरह के प्रविधान सहकारिता, श्रम सहित अन्य विभागों के अधिनियम में संशोधन करके किए गए हैं।



फाइल फोटो

**पांच हजार रुपये अर्थदंड**

*ऊर्जा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि स्वयं के उपयोग के लिए कैप्टिव पावर प्लांट लगाने वाले व्यक्तियों को उत्पादन और खपत का लेखा-जोखा रखना होता है और इसका लेखा-जोखा प्रस्तुत नहीं करने पर पांच हजार रुपये तक जुर्माने का प्रविधान था। इसे अब पांच हजार रुपये अर्थदंड कर दिया है ताकि किसी को यह अवसर न रहे कि वे मर्जी से दो, तीन या फिर पांच हजार रुपये का जुर्माना लगे सके।*

### भोपाल में पुष्य नक्षत्र में विशेष गणेश चतुर्थी व्रत

**भोपाल ■ अमृत दर्शन**

इस वर्ष गणेश चतुर्थी का व्रत आज विशेष रूप से मनाया जाएगा। खास बात यह है कि यह दिन बुधवार है, जो कि भगवान गणेश जी का दिन है, साथ ही व्रत पुष्य नक्षत्र में पड़ रहा है। ज्योतिषाचार्य पं. विनोद गौतम के अनुसार, इस दिन गणेश जी की पूजा और अर्चना करने से विशेष फल प्राप्त होते हैं, खासकर विद्यार्थियों के लिए यह अवसर अत्यधिक महत्वपूर्ण है। विद्यार्थी वर्ग के लिए यह दिन विद्या और बुद्धि के देवता गणेश जी को प्रसन्न करने का स्वर्णिम अवसर है। पं. विनोद गौतम ने बताया कि वर्तमान में खरमास का समय चल रहा है, जो एक माह तक रहेगा। इस दौरान सूर्य का धनु राशि में प्रवेश हो चुका है, जिससे गुरु बल में कमी आ जाती है। इस कारण मांगलिक कार्यों जैसे विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन, नामकरण, आदि पर रोक होती है। खरमास में केवल पुण्य कार्य जैसे भागवत कथा, स्नानदान और धार्मिक अनुष्ठान किए जाते हैं। सूर्य के उत्तरायण होने के बाद 14 जनवरी 2025 को मकर राशि में प्रवेश करने पर खरमास समाप्त होगा, तब मांगलिक कार्य पुन: शुरू हो सकेंगे। खरमास को संधि कालिक माह माना जाता है, जब ऋतु चक्र बदलता है। इस समय पूजा, पाठ, हवन और देव आराधना का विशेष महत्व है। इस समय सूर्य के उत्तरायण और दक्षिणायन के संधि काल में धार्मिक गतिविधियां अधिक फलदायक मानी जाती हैं।

## साहू समाज का परिचय सम्मेलन 22 दिसम्बर को




**भोपाल।** मध्य प्रदेश तैलिक साहू सभा की ओर से 60 वें स्थपना वर्ष पर दिनांक 22 दिसम्बर 2024 को अखिल भारतीय युवक युवती परिचय सम्मेलन 2024 का आयोजन होने जा रहा है। सुबह 10 बजे से समारोह की शुरुआत होगी। अवधपुरी स्थित वासुदेव मैरिज गार्डन में परिचय सम्मलेन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रदेश एवं अन्य राज्यों से लगभग 5000 लोगों के आने की सम्भावना है। इस अवसर पर जीवन साथी 2024 स्मारिका का विमोचन किया जायेगा। साथ ही समारोह में शामिल होने वाले युवक-युवती मंच से अपना परिचय देंगे। इस दो दिवसीय कार्यक्रम का शुभारम्भ 21 दिसंबर को सम्मान समारोह से होगा. सुबह बजे से शुरू होने वाले इस समारोह में संगठन के सहयोगी सदस्यों को शॉल श्रीफल एवं मोमेंटो सम्मान पत्र से सम्मानित किया जायेगा. बता दें कि प्रदेश के सभी जिलों एवं शहरों से आने सामाजिक सहयोगियों ने कार्यक्रम को बेहतर बनाने के लिए आर्थिक रूप से सहयोग किया है साथ प्रचार-प्रसार कर हर एक तहसील एवं गाँव के लोगों को परिचय सम्मेलन से जोड़ने के प्रयास किये सांस्कृतिक कार्यक्रमों की होगी प्रस्तुति दो दिवसीय महोत्सव में 21 दिसंबर को श्री राधाकृष्ण के महारास, शिवस्तुति मां पर अंतरराष्ट्रीय कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।

**राष्ट्रीय नेतृत्व एवं राजनेता होंगे शामिल:** समारोह का नेतृत्व साहू समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयदत्त क्षीरसागर करेंगे। वहीं अन्य राष्ट्रीय पदाधिकारी भी अन्य राज्यों से शामिल होंगे। वहीं आवास एवं मुख्यमंत्री मोहन यादव, मध्यप्रदेश शासन, केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय राज्य मंत्री लोखन साहू, बिलासपुर, मंत्री विश्वास सारंग, मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर, माना मंत्री नारायण सिंह पवार, मान. मत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, सांसद विवेक-बंटी साहू आदि शामिल होंगे।

### हमीदिया अस्पताल में होगी छटनी!

## स्वीकृत पदों से अधिक स्टाफ कर रहा काम 200 कर्मचारियों को हटाया जा सकता है

**भोपाल ■ अमृत दर्शन**

**मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के हमीदिया अस्पताल के कर्मचारियों को झटका लग सकता है। हॉस्पिटल में स्टाफ की छटनी हो सकती है। बताया जा रहा है कि यहां स्वीकृत पदों से ज्यादा स्टाफ काम कर रहा है। 200 कर्मचारियों को हटाया जा सकता है।**

भोपाल के हमीदिया अस्पताल में वार्ड बॉय, लैब टैक्नीशियन, हाउसकीपिंग स्टाफ की संख्या अधिक है। इस हॉस्पिटल में 1400 कर्मचारियों की स्वीकृति है, लेकिन यहां 1600 के करीब स्टाफ कार्यरत है। अस्पताल में कोविड फंड से अतिरिक्त स्टाफ भर्ती किया गया था।



हमीदिया में अधिक स्टाफ के चलते इन आउटसोर्स कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिल रहा है। वेतन विसंगति के कारण हॉस्पिटल के कर्मचारी एक हफ्ते में 2 बार हड़ताल कर चुके हैं। इसे देखते हुए अब स्टाफ कम करने या अन्य प्रबंधन को लेकर विचार चल रहा है। हमीदिया अस्पताल में जल्द छटनी हो सकती है।

आपको बता दें कि मंगलवार को हमीदिया अस्पताल का स्टाफ एक बार फिर हड़ताल पर चला गया है। बीते तीन महीने से सैलरी नहीं मिलने पर कर्मचारियों में भारी गुस्सा देखने को मिल रहा है। इससे पहले भी हॉस्पिटल के कर्मचारी 10 दिसंबर को हड़ताल कर चुके हैं। कर्मचारियों के स्ट्राइक की वजह से मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### राजधानी में 4 साल की बच्ची से बैड टच का मामला

## पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार, चॉकलेट का लालच देकर की थी अपहरण की कोशिश

**भोपाल ■ अमृत दर्शन**

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में चार की बच्ची से बैड टच के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक अरबाज खान के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे हिरासत में लिया है। आरोपी पर पहले से पिपलानी थाने में चोरी के मामले दर्ज है। पुलिस ने बताया कि आरोपी नशे का आदि है। युवक चॉकलेट का लालच देकर बच्ची को जंगल की तरफ ले गया था। वहीं रास्ते से गुजर रही महिला ने बच्ची को रोते हुए देखा। खुद को फंसता देख आरोपी मौके से भाग निकला।

यह पूरी घटना पिपलानी थाना क्षेत्र की है। सोमवार दोपहर करीब तीन बजे इंद्रपुरी में रहने वाली राखी मिश्रा अपने घर जा रहीं थी। इसी दौरान जंगल के पास एक युवक के साथ बच्ची रोते हुए दिखाई दी। राखी ने उसे रोककर बच्ची से पूछताछ की तो साथ वाला लड़का भाग गया। राखी ने बताया कि वह दोपहर करीब 3 बजे एम्स से चेकअप करवाकर लौट रही थी। इंद्रपुरी से एम्स आने वाली सड़क पर जहां खाली क्वॉटर्स बने हैं, उसकी सड़क पर बच्ची रोते हुए दिखाई दी।



राखी ने बताया कि वह एक युवक के साथ थी और बच्ची की अंडरवियर बच्ची के हाथ में थी। जब मैंने युवक से पूछा तो वह भाग निकला। इसके बाद राखी बच्ची को लेकर पिपलानी थाना पहुंची और बच्ची के परिजनों से संपर्क किया।

### निजी स्कूलों के लिए फीस वृद्धि पर नया नियम लागू

# निजी स्कूल अलग से नहीं ले सकेंगे बस फीस

**भोपाल ■ अमृत दर्शन**

राज्य सरकार प्रदेश के निजी स्कूलों को बड़ी राहत देने जा रही है। अब ऐसे स्कूल जिनकी किसी भी कक्षा के लिए वार्षिक फीस 25 हजार रुपये से कम है, वे फीस नियंत्रण अधिनियम के दायरे में नहीं आएंगे। यदि ऐसे स्कूल 15 प्रतिशत से अधिक फीस वृद्धि करते हैं तो इसके लिए पहले जिला समिति से अनुमति लेनी होगी। ऐसा नहीं करने पर अधिनियम के प्रविधान के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

प्रदेश में 34,652 निजी स्कूल हैं। इनमें से लगभग 16 हजार ऐसे हैं, जिनकी किसी भी कक्षा में वार्षिक फीस 25 हजार रुपये या इससे कम है। मध्य प्रदेश निजी विद्यालय अधिनियम-2017 के तहत वर्ष 2020 में नियम बनाए गए। इसके प्रविधान अनुसार सरकार को यह अधिकार दिया गया कि वह निजी स्कूलों की फीस और अन्य विषयों पर निर्णय लेकर फीस विनियमन कर सकेगी। 10 प्रतिशत वार्षिक फीस बिना अनुमति के बढ़ाई जा सकती है लेकिन अधिक वृद्धि के लिए जिला समिति की अनुमति लेना आवश्यक है।




**परिवहन फीस अब वार्षिक फीस का हिस्सा होगी**

**फीस बढ़ाने की शिकायत सुनने बनेगी समिति**

फीस बढ़ाने पर आपत्ति की अपील सुनने मंत्री की अध्यक्षता में समिति अधिनियम में यह संशोधन भी प्रस्तावित किया गया है कि वार्षिक फीस में 15 प्रतिशत से अधिक वृद्धि के आदेश के विरुद्ध अपील सुनने के लिए राज्य स्तरीय समिति होगी। इसके अध्यक्ष स्कूल शिक्षा मंत्री रहेंगे। इस समिति को यह अधिकार रहेगा कि वह विभागीय समिति द्वारा किसी स्कूल पर लगाए गए अर्थदंड को घटा या बढ़ा सकेगी। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में पहली बार निर्धारित फीस से अधिक लेने के कारण कई स्कूलों पर कार्रवाई करते हुए अधिक फीस अभिभावकों को लौटाई गई है।

### वाहन शुल्क वार्षिक फीस में होगा शामिल

कोई भी स्कूल परिवहन (बस) फीस भी अब अलग से नहीं ले सकेगा। इसे भी वार्षिक फीस का ही भाग माना जाएगा। सरकार ने मंगलवार को यह प्रविधान मध्य प्रदेश निजी विद्यालय अधिनियम-2024 में संशोधन के लिए प्रस्तुत विधेयक में किए हैं। सदन से विधेयक पारित होने के बाद राज्यपाल मंगुभाई पटेल की अनुमति मिलने पर प्रविधान प्रभावी होंगे।

प्रकाशक ,मुद्रक एवं स्वामी डी.पी. गोयल द्वारा सुख सागर,6 पत्रकार नगर, कोलार रोड, भोपाल से प्रकाशित तथा श्री बालाजी प्रिन्टर्स, 21- एच. इंडस्ट्रीयल एरिया, गोविन्दपुरा, भोपाल-462023 (म.प्र.) से मुद्रित। फोनः 4240007 फैक्स 0755-4296195 , आर.एन.आई नं. 50259/90 डाक पंजीयन नं. म.प्र./भोपाल/86/24-26 न्यायिक क्षेत्र भोपाल होगा। प्रधान संपादकः डी.पी.गोयल। मोबाईल नं. 9827054436 ।